भगत सिंह
जेल डायरी

प्रस्तुति

यादविंदर सिंह संधु

(शहीद भगतसिंह के सुपौत्र)

Downloaded from www.PDFshala.com

भगत सिंह

जेल डायरी

प्रस्तुति

यादविंदर सिंह संधु

(शहीद भगतसिंह के सुपौत्र)

Downloaded from www.PDFshala.com

भगत सिंह

जेल डायरी

जेल डायरी की मूल प्रति शहीद-ए-आजम भगतसिंह

''वे मुझे मार सकते हैं, मेरे विचारों को नहीं''

प्रस्तुति

यादविंदर सिंह संधु

(शहीद भगतसिंह के सुपौत्र)

प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
ISO 9001:2008 प्रकाशक

Downloaded from www.PDFshala.com

स्वर्गीय श्री बाबर सिंह संधु

(शहीद भगतसिंह के भतीजे और श्री कुलबीर सिंह के पुत्र)

"मेरे प्रिय पिताजी श्री बाबर सिंह संधु की मधुर स्मृति में। शहीद भगतसिंह के बलिदान को जेल में लिखे शहीद ए आजम के विचारों को सामने लाना, उनका सपना था। मेरी कामना है कि उनके बलिदान की यादें लोगों के दिल में फिर से ताजा हो जाएँ।"

Downloaded from www.PDFshala.com

प्रस्तावना

भगतसिंह के बारे में हम जब भी पढ़ते हैं, तो एक प्रश्न हमेशा मन में उठता है कि जो कुछ भी उन्होंने किया, उसकी प्रेरणा, हिम्मत और ताकत उन्हें कहाँ से मिली? उनकी उम्र 24 वर्ष भी नहीं हुई थी और उन्हें फाँसी पर चढ़ा दिया गया। इस पुस्तक से हमें इस प्रश्न का उत्तर पाने में काफी हद तक मदद मिल सकेगी।

लाहौर (पंजाब) सेंट्रल जेल में आखिरी बार कैदी रहने के दौरान (1929-1931) भगतसिंह ने आजादी, इनसाफ, खुद्दारी और इज्जत के संबंध में महान् दार्शनिकों, विचारकों, लेखकों तथा नेताओं के विचारों को खूब पढ़ा और आत्मसात् किया। इसी के आधार पर उन्होंने जेल में जो टिप्पणियाँ लिखीं, यह पुस्तक उन्हीं का संकलन है। भगतसिंह ने यह सब भारतीयों को यह बताने के लिए लिखा कि आजादी क्या है, मुक्ति क्या है और इन अनमोल चीजों को बेरहम तथा बेदर्द अंग्रेजों से कैसे छीना जा सकता है, जिन्होंने भारतवासियों को बदहाल और मजलूम बना दिया था।

'जेल टिप्पणियाँ' एक सुंदर (लाल) कपड़े के आवरण वाली नोटबुक में लिखी गई हैं। इसके 206 लीव्स (404 पृष्ठ) हैं, जिनका आकार 21 से.मी.×16 से.मी. है।

यह एक लंबे टैग से बँधे हुए हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या काले रंग से ऊपर के दाएँ कोने पर अंकित है। मौसम, धूल आदि के प्रभाव से बचाने के लिए पृष्ठों को लेमिनेट किया गया है। दुर्भाग्य से इसके कारण स्केनिंग की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। नोटबुक के पृष्ठ-1 पर निम्न प्रविष्टि से पता चलता है कि यह जेल के अधिकारियों द्वारा भगतसिंह को 12 सितंबर, 1929 को दी गई थी।

यह नोटबुक भगतसिंह की अन्य वस्तुओं के साथ उनके पिता सरदार किशन सिंह को भगतसिंह की फाँसी के बाद सौंपी गई थी। सरदार किशन सिंह की मृत्यु के बाद यह नोटबुक (भगतसिंह के अन्य दस्तावेजों के साथ) उनके (सरदार किशन सिंह) पुत्र श्री कुलबीर सिंह और उनकी मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्र श्री बाबर सिंह के पास आ गई। श्री बाबर सिंह का सपना था कि भारत के लोग भी इस जेल डायरी के बारे में जानें। उन्हें पता चले कि भगतसिंह के वास्तविक विचार क्या थे। भारत के आम लोग भगतसिंह की मूल लिखावट को देख सकें। आखिर वे प्रत्येक जाति, धर्म के लोगों, गरीबों, अमीरों, किसानों, मजदूरों, सभी के हीरो हैं।

भगतसिंह के चिंतन की गहराई और दृष्टि तथा मानवता के प्रति उनके प्रेम को उनके इन शब्दों से समझा जा सकता है कि "हमारे सियासी दलों में ऐसे लोग हैं, जिनके पास सिर्फ एक विचार है कि विदेशी हुक्मरानों से लड़ना है। यह विचार बहुत काबिले तारीफ है, लेकिन इसे 'क्रांतिकारी विचार' नहीं कहा जा सकता। हमें यह स्पष्ट करना होगा कि क्रांति का मतलब सिर्फ उथल-पुथल या खूनी संघर्ष नहीं है। क्रांति का सही मतलब ऐसा कार्यक्रम है, जिससे नई और बेहतर बुनियाद पर समाज का व्यवस्थित पुनर्निर्माण किया जा सके। यह कार्य मौजूदा हालात (यानी शासन) को पूरी तरह खत्म करके किया जाना चाहिए।"

जेल डायरी के पृष्ठ-43 पर मनुष्य और मानव जाति के विषय में उन्होंने लिखा है कि "मैं एक इनसान हूँ और मानव जाति को प्रभावित करनेवाली हर चीज से मेरा सरोकार है।"

भगतसिंह जोशो-खरोश से लबरेज क्रांतिकारी थे और उनकी सोच तथा नजरिया एकदम साफ था। वे भविष्य की ओर देखते थे। वास्तव में भविष्य उनकी रग-रग में बसा था।

Downloaded from www.PDFshala.com

पूछा जा सकता है कि भगतसिंह ने किस तरह के भविष्य का सपना देखा था? वे इसे किस तरह हकीकत में बदलना चाहते थे? मौजूदा हालात में भगतसिंह की जेल नोटबुक की टिप्पणियाँ ही इन सवालों का जवाब दे सकती हैं।

यह पुस्तक अखिल भारतीय खत्री सभा के अध्यक्ष श्री जितेंदर मेहराजी (बाबाजी), मेरी माताजी श्रीमती सुरिंदर कौर, मेरी बहन श्रीमती मंजुला तूर तथा मेरे जीजाजी श्री भूपेंदर सिंह तूर के आशीर्वाद के बिना पूरी नहीं हो सकती थी।

मैं इस पुस्तक को साकार रूप देने की प्रेरणा और सहयोग के लिए एडवोकेट तरिषि महाजन का अत्यंत आभारी हूँ।

निरंतर सहयोग के लिए मैं सर्वश्री एस.के. शर्मा, उमेद सिंह, शरीफ चौधरी, विपिन झा, दीपक शर्मा, (वरिष्ठ पत्रकार), ओमप्रकाश (वरिष्ठ संपाददाता) व अनीता भाटी (वरिष्ठ संवाददाता) का आभारी हूँ।

—यादविंदर सिंह संधु

Downloaded from www.PDFshala.com

जिंदगी का मकसद

"जिंदगी का मकसद अब मन पर काबू करना नहीं, बल्कि इसका समरसतापूर्ण विकास है। मौत के बाद मुक्ति पाना नहीं, बल्कि दुनिया में जो है, उसका सर्वश्रेष्ठ उपयोग करना है। सत्य, सुंदर और शिव की खोज ध्यान से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी के वास्तविक अनुभवों से करना भी है। सामाजिक प्रगति सिर्फ कुछ लोगों की नेकी से नहीं, बल्कि अधिक लोगों के नेक बनने से होगी। आध्यात्मिक लोकतंत्र अथवा सार्वभौम भाईचारा तभी संभव है, जब सामाजिक, राजनीतिक और औद्योगिक जीवन में अवसरों की समानता हो।"

(भगतसिंह)

Downloaded from www.PDFshala.com

भूमिका

अमर शहीद भगतसिंह की जेल डायरी का हिंदी में प्रकाशन एक ऐतिहासिक घटना है। भारत के लोग 20वीं शती के अपने जिन महान् वीर सपूतों और सुपुत्रियों को गहरे प्यार एवं आत्मीय भाव से गौरवपूर्वक याद करते हैं, उनमें से एक मुख्य सपूत हैं 'शहीद-ए-आजम भगतसिह'।

ब्रिटिश राज्य ने लगभग आधे भारत में सन् 1858 में सीधे शासन सँभाला। जैसा ब्रिटिश कूटनीति का स्वभाव था और है, पहले तो वे लोग 'ईस्ट इंडिया कंपनी' की लानत-मलामत करते रहे, उसकी असत्यपूर्ण और घिनौनी करतूतों को 'अन ब्रिटिश' अनैतिक तथा असत्य से भरी बताकर उसके अफसरों पर अभियोग लगाते रहे। क्लाइव, हेस्टिंग्ज आदि पर आपराधिक मुकदमे चलाए, जिसके बचाव में उन्हें कहना पड़ा कि हम वहाँ ब्रिटिश आचरण का पालन न कर, मुनाफे के लिए जो कुछ जरूरी है, वह सब कर रहे हैं, इसमें बिना कानून पढ़े हुए लोगों को जाली जज बनाना भी शामिल है तथा फर्जी मुकदमे चलाकर भारत के धनियों एवं राजपुरुषों को दंडित करने का प्रयास भी शामिल है। परंतु बाद में जब कंपनी की काली करतूतों के कारण भारतीय लोग उन्हें मार भगाने लगे तो एक झूठी अफवाह उड़ाकर कि भारत में निर्दोष अंग्रेजों स्त्रियों-बच्चों का अकारण कत्ल किया जा रहा है, उनकी रक्षा की आड़ लेकर सन् 1857 में ब्रिटिश फौज की एक टुकड़ी पहली बार भारत के उस हिस्से पर कब्जा करने आ गई, जिस पर कंपनी छलपूर्ण दावे कर रही थी। उन दिनों ब्रिटेन एक पूर्ण नेशन-स्टेट बनने की प्रक्रिया में था, पर बना नहीं था। उसके पास बहुत व्यवस्थित और बड़ी सेना नहीं थी। इसलिए उसने भारत के उन राजाओं और नवाबों से संधियाँ की थीं, जो इस बीच इंग्लैंड के मैत्रीपूर्ण संपर्क में आ गए थे। इन संधियों के बाद ब्रिटिश राज्य सन् 1858 में कलकत्ता को मुख्यालय बनाकर आ तो गया, परंतु तब भी अगले 50 वर्षों तक उसे दिल्ली में राजधानी बनाने की हिम्मत नहीं हुई।

लगभग आधे भारत में ब्रिटिश राज्य होने के 50वें वर्ष में सन् 1907 में भारत के इस भाग्यवान सपूत का जन्म हुआ। उसी दिन उनके पिता किशन सिंहजी और चाचा अजीत सिंहजी जेल से छूटकर घर आए थे। इसलिए दादी ने बच्चे को भाग्यवान कहकर उसका नाम भगतसिंह किया। वे सचमुच भाग्यवान थे। देश के लिए जीवन अर्पित कर 24 वर्ष की आयु में ही वे अमर हो गए। इससे बड़ा सौभाग्य क्या होगा?

सन् 1905 में कर्जन ने बंगाल को बाँटने की घोषणा की, जबकि बंगाल के भी अनेक राजाओं एवं रानियों से ब्रिटेन ने संधि की थी। उस कुचाल के विरोध में भारतीय देशभक्ति एवं वीरता की प्रचंड ज्योति जल उठी। श्री अरविंदजी एवं श्री रासबिहारी घोषजी आदि ने उस ज्योति को निरंतर तीव्र बनाए रखा। स्वदेशी सत्याग्रह एवं

Downloaded from www.PDFshala.com

देशभक्ति का विराट् राष्ट्रीय परिवेश बन गया। भगतसिंहजी के चाचा अजीत सिंहजी भी महान् क्रांतिकारी थे, जिन्हें अंग्रेजी शासन ने देश-निकाला दे दिया था।

वस्तुत: 18वीं शती का भारत समस्त यूरोप के बराबर था। स्वयं भगतसिंहजी ने पृष्ठ 277 (जेल नोट्स 287) पर नोट किया है कि भारत ग्रेट ब्रिटेन से 20 गुना बड़ा है (इंग्लैंड से भारत लगभग 36 गुना बड़ा था)। इसलिए इस विशाल क्षेत्र में अनेक राजनैतिक कार्य साथ-साथ हो रहे थे। भगतसिंह ने इसी जेल नोट्स 287 (पुस्तक के पृष्ठ 277) में यह भी स्मरण दिलाया है कि भारत में 600 राज्य हैं। बंबई और मद्रास जैसे राज्य इटली से बड़े राज्य हैं। बर्मा भी उन दिनों भारत का एक राज्य था, जो फ्रांस नेशन-स्टेट से अधिक बड़े आकार का था। वे यह भी स्मरण दिलाते हैं कि भारतीय लोग समस्त मानव जाति का पंचमांश हैं। अत: यहाँ ब्रिटिश भारत क्षेत्र में स्वशासन की आशा जागते ही अंग्रेजी पढ़े-लिखे ठंडे लोग राजनैतिक जोड़-तोड़ में जुट गए, वहीं देश के वीर युवक-युवती इन बाहरी अजनबी फिरंगियों को मार भगाने में जुट गए। ठंडी धारा के सबसे बड़े नेता हैं गांधीजी, जिन्होंने सन् 1908 में ही 'हिंद स्वराज' लिखी, जो वस्तुत: भारतीयों को अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है, वहीं लोकमान्य तिलकजी, रामप्रसाद बिस्मिलजी, जोगेशचंद्रजी, शचींद्रनाथ सान्यालजी, श्री अरविंदजी, चित्तरंजनदासजी, वीर सावरकरजी, राजगुरुजी आदि ने वीरतापूर्ण देशभक्ति की प्रेरणा देने वाला साहित्य रचा। वस्तुत: ये दोनों धाराएँ एक गहरे अर्थ में परस्पर पूरक थीं, परंतु कई स्तरों पर इनमें परस्पर विरोध भी था।

अंग्रेजों ने स्वयं के न्यायप्रिय, शांतिप्रिय होने का प्रचार ऐसी खूबी से किया कि लोकमान्य तिलकजी के नेतृत्व में भारत के वीर एवं तेजस्वी युवक-युवतियाँ भी कांग्रेस से जुटने लगे। आज लोग भूल जाते हैं कि चित्तरंजनदासजी, सूर्यसेनजी, जतिनदासजी, जोगेशचंद्र चटर्जीजी, शचींद्रनाथ सान्यालजी, चंद्रशेखर आजादजी, भगतसिंहजी, सुखदेवजी, भगवतीचरण बोहराजी, शिव वर्माजी, जयदेय कपूरजी आदि सभी ने कांग्रेस के सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय भाग लिया था। जब चौरी-चौरा की एक मामूली घटना का बहाना लेकर अंग्रेजों की मित्रता के प्रभाव में आए गांधीजी ने आंदोलन स्थगित कर दिया, तब क्रांतिकारियों ने क्रांतिकारी दल गठित किया।

भाई परमानंदजी, रामप्रसाद बिस्मिलजी, ठा. रोशनसिंहजी आदि आर्यसमाज के सक्रिय सदस्य थे, स्वयं भगतसिंह पंजाब के समाज-सुधार आंदोलन से जुड़े परिवार के थे। जब गांधीजी ने अचानक 'सत्याग्रह बंद करो' की घोषणा की, तब पहली बार 'हिंदुस्तान रिपब्लिक संघ' बनाकर क्रांतिकारियों ने काम प्रारंभ किया। सन् 1924 में शचींद्रनाथ सान्याल ने इस संघ की रूपरेखा तैयार कर काम शुरू किया। बाद में यह 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' बना। इस एसोसिएशन की स्थापना सन् 1928 में चंद्रशेखर आजादजी, भगतसिंहजी आदि ने की। इन तथ्यों का स्मरण आवश्यक है।

लाला लाजपत रायजी पर लाठियाँ बरसाने वाले क्रूर अंग्रेज पिशाच का बदला लेने के लिए सांडर्स का वध किया गया। अगले वर्ष असेंबली में परचा फेंककर भारत का पक्ष प्रस्तुत किया गया। स्पष्ट रूप से यह एक सामान्य घटना थी। बटुकेश्वर दत्तजी एवं भगतसिंहजी ने केवल ध्यान खींचने के लिए मामूली विस्फोट किया था, न कोई मरा, न बुरी तरह घायल हुआ। पर इतने से काम को भीषण अपराध बताकर फाँसी दे दी गई। यह है पापपूर्ण ब्रिटिश न्याय का एक उदाहरण। दुर्भाग्यवश भारत में आज वही गलत न्यायिक एवं कानूनी ढाँचा कायम है।

सन् 1948 के बाद कांग्रेस ने अपने दोषों को छिपाने के लिए हिंसा-अहिंसा की झूठी बहस खड़ी की, जो इस विषय में निरर्थक है। मुख्य बात यह है कि तेजस्वी वीर युवक-युवतियों को अंग्रेज एक बाहरी आततायी दिखते थे, ठंडी धारा के नेता उनसे मधुर संबंध बनाकर धीरे से स्वशासन का सूत्र स्वयं सँभाल लेना चाहते थे। इस प्रकार वे भारत के नए राजा बनने की कूटनीति कर रहे थे। यही कारण है कि उन्होंने अकारण भारतीय राजाओं

Downloaded from www.PDFshala.com

की निंदा शुरू कर दी थी। क्रांतिकारियों के लिए यह भारतमाता की आन-बान-शान का प्रश्न था। ठंडी धारा के नेताओं के लिए समस्त स्वाधीनता आंदोलन राजनैतिक चालों का अंग था। ये दो नितांत भिन्न प्रवृत्तियाँ हैं। इनकी तुलना असंभव है और इसमें परस्पर विरोध दिखाना भी व्यर्थ है। क्योंकि ये दोनों धाराएँ परस्पर विजातीय हैं। दोनों की प्रेरणाएँ भी अलग हैं। पहली की प्रेरणा है, शुद्ध देशभक्ति तो दूसरी की प्रेरणा है राजनैतिक राष्ट्रवाद की आड़ में सत्ता पर कब्जा करना। हिंसा-अहिंसा आदि राजनीति के लिए केवल नारे होते हैं। क्योंकि हम सभी जानते हैं कि अहिंसावादी धारा ने भी लाखों भारतीयों को मरवाया है, जेलों में सड़ाया है, घायल किया है। विभाजन की जिम्मेदारी अहिंसावादी धारा की ही थी और उसमें लाखों भारतीयों की हत्या हुई, इसकी जिम्मेदारी भी इसी धारा की बनती है।

सन् 1948 के बाद भारतीय वीरों एवं विभूतियों को वैचारिक टकराव के झूठे मुहावरों में देखा-दिखाया जाता है। यह गलत है। भगतसिहजी की देशभक्ति, तेजस्विता, साहस, पुरुषार्थ, प्रेरणा एवं वीरता को समझने की आवश्यकता है, क्योंकि भारत की नई पीढ़ी के लिए ऊर्जा एवं प्रकाश का स्रोत हैं।

हमें भूलना नहीं चाहिए कि भगतसिंहजी को 24 वर्ष की आयु में फाँसी दे दी गई थी। 24 वर्ष के युवक को वैचारिक मतवाद के चश्मे से देखना मूढ़ता है। महत्त्वपूर्ण है वह ऊर्जा और प्रकाश, जो उन्होंने देश में फैलाया। 22वें वर्ष में तो वे बंदी बना लिए गए थे। इतनी कम उस के युवक में वैचारिक पंथवाद ढूँढ़ना अटपटा है।

इस 'जेल डायरी' को पढ़ना ऊर्जा और प्रकाश के उस दिव्य स्रोत को समझना है। 'जेल डायरी' के पन्नों से हमें पता चलता है कि भगतसिंहजी जहाँ गुरुनानक देव महाराजजी, गुरु गोविंदसिंहजी, समर्थ गुरु रामदासजी, रवींद्रनाथ टैगोरजी, विलियम वर्ड्सवर्थजी आदि के जीवन एवं विचारों से प्रभावित थे, वहीं वे मार्क्स, एंजेल्स, बुखारिन लेनिन, बर्टेंड रसेल के विचारों से भी आकर्षित थे।

'भगतसिंह जेल डायरी' के नोट्स 47 (पृष्ठ 91) में संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इंग्लैंड की विषमता तथा लूट के तथ्य लिखते हैं। वे बताते हैं कि उन दिनों भयंकर लूट-पाट के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका में 1 करोड़ 50 लाख लोग भयंकर गरीबी में जी रहे थे; जबकि वहाँ 30 लाख बाल-मजदूर थे। (उन दिनों संयुक्त राज्य अमेरिका की कुल जनसंख्या 4 करोड़ थी) इसी प्रकार वे इंग्लैंड में दो-तिहाई लोगों को भयंकर गरीबी में जी रहे दरशाते हैं। जबकि नवमांश लोगों के पास इंग्लैंड की कुल संपदा का 50 प्रतिशत है। इंग्लैंड, फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका के राजपुरुष एवं संपन्न लोग बीसवीं शती के पूर्वार्ध में किस प्रकार आपस में बुरी तरह लड़ रहे थे और मार-काट कर रहे थे, यह भी भगतसिंह की जेल डायरी में 184वें नोट्स (पृष्ठ 229) सहित अनेक स्थानों पर सप्रमाण दरशाया गया है।

भगतसिंहजी के जेल नोट्स 286 (पृष्ठ 275) से पता चलता है कि 20वीं शती के पूर्वार्ध में भी इंग्लैंड में खेती करने वाले लोगों का प्रतिशत आबादी के 12वें हिस्से से भी कम था, जबकि भारत में लगभग तीन-चौथाई लोग किसान थे। उसी पृष्ठ में वे मांटफोर्ड की रिपोर्ट का उद्धरण देकर बताते हैं कि भारत के 32 करोड़ लोगों में से 22 करोड़ लोग कृषि पर निर्भर हैं। वस्तुत: तथ्य यह है कि 20वीं शती के पूर्वार्ध में भी इंग्लैंड अपनी जिस आबादी को उद्योगों में लगा दरशा रहा था, वे सभी लोग शहरों में 18-18 घंटे जीतोड़ मेहनत कर रहे मजदूर थे। उन दिनों भी वहाँ उद्योग का मुख्य अर्थ बढ़ईगिरी, लोहारी, कपड़ा बुनना, रंगाई, सिलाई-कढ़ाई आदि ही था। कारखाने के नाम पर मुख्यत: कपड़ा मिलें शुरू हुई थीं। इंग्लैंड का सघन औद्योगीकरण तो 20वीं शती के उत्तरार्ध में ही हुआ है। रेलें, बिजली, बड़े उद्योग व्यापक रूप में उसी समय फैले। 19वीं शती में तो वे नाममात्र को शुरू भर हुए थे।

Downloaded from www.PDFshala.com

ऐसे अडिग वीरता, प्रचंड देशभक्ति, साहस, उदारता, तेजस्विता और विराट् आत्मीयता जीवन के एक बड़े सत्य के आंतरिक-आध्यात्मिक बोध से आती है, किसी वैचारिक पंथवाद से नहीं। सन् 1948 के बाद का राजनैतिक भारतीय नेतृत्व इस तथ्य का स्वयं प्रमाण है। वह मतवादों में बढ़ा-चढ़ा है, पर आंतरिक सत्य से रहित है। इसीलिए उसमें भगतसिंह के बड़प्पन की छींट भी नहीं दिखती। उसी बड़प्पन में से उनकी बड़ी जिज्ञासाएँ उपजीं—न्याय, गौरव, स्वाधीनता, राज्य और समाज तथा मानव जीवन एवं जगत् के सत्य-स्वरूप की जिज्ञासाएँ। इसी बड़प्पन के कारण शहीद-ए-आजम भगतसिंह भारत के हर देशभक्त के हृदय का स्पंदन हैं, चाहे वह किसी भी समूह, पंथ, वर्ग, जाति या श्रेणी का नर-नारी-युवा-वृद्ध कोई भी हों।

यह जेल-डायरी उस महान् हुतात्मा के बड़े व्यक्तित्व की झलक देती है। इसके हिंदी संस्करण की प्रस्तावना लिखते हुए मुझे गौरव का अनुभव हो रहा है। अमर शहीद की स्मृति में मैं प्रणत हूँ। उनके सभी परिजनों को हृदय की गहराइयों से श्रद्धापूर्ण प्रणाम निवेदित है। शहीद भगतसिंह के सुपौत्र श्री यादविंदर सिंह संधु इस महत् कार्य के लिए विशेष साधुवाद के पात्र हैं। 'शहीद भगतसिंह ब्रिगेड' और 'शहीद भगतसिंह स्मारक न्यास' ने स्तुत्य कार्य किया है। मेरी दृष्टि में मुमकिन है कि किन्हीं महान् ऐतिहासिक विभूतियों के तथ्यात्मक मूल्यांकन में त्रुटि हो सकती है, जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थना के साथ इतना जरूर कहना चाहूँगा कि मेरी भावना निर्दोष है। व्यक्तिगत रूप से मैं इस बात का प्रबल पक्षधर हूँ कि इतिहास के मूल्यांकन व पुनर्लेखन की महती आवश्यकता पर बहस अवश्य होनी चाहिए।

—कौशलेंद्र सिंह (बड़े राजा)

चंदापुर भवन,

रायबरेली -229001 (उ . प्र .)

Downloaded from www.PDFshala.com

संपादकीय

कहते हैं 'पूत के पैर पालने में ही दिख जाते हैं।' ऐसा ही हुआ जाँबाज देशभक्त शहीद–ए–आजम भगतसिंह के साथ, जिनके बचपन में ही उनके बारे में एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी कर दी थी कि सरदार किशन सिंह का बेटा या तो फाँसी के फंदे पर चढ़ेगा या फिर गले में नौ लखा हार पहनेगा।

भगतसिंह देश की आजादी के लिए फाँसी के फंदे पर भी चढ़े और इतने उच्च रुतबे पर पहुँचे कि आज भी वे हर देशवासी के दिल पर राज कर रहे हैं। भगतसिंह का नाम उनकी दादी ने रखा था। 28 सितंबर, 1907 को शहीद–ए–आजम के जन्मवाले दिन उनके पिता किशन सिंह और चाचा अजीत सिंह जेल से रिहा हुए।

दादी श्रीमती जयकौर के मुँह से निकला कि 'ए मुंडा तो बड़ा भागा वाला है'। तभी परिवार के लोगों ने फैसला किया कि भागा वाला होने की वजह से लड़के का नाम इन्हीं शब्दों से मिलता-जुलता होना चाहिए। लिहाजा उसका नाम भगतसिंह रख दिया गया। भगतसिंह पर जहाँ अपने चाचा स्वर्ण सिंह का गहरा प्रभाव था, वहीं वे अपने चाचा अजीत सिंह से काफी प्रभावित थे, जिन्होंने किसानों से लगान वसूलने के विरोध में 'पगड़ी सँभाल जट्टा' आंदोलन चलाया था। इस आंदोलन से अंग्रेज इतना डर गए थे कि उन्होंने अजीत सिंह को 40 साल के लिए देश-निकाला दे दिया।

पाँच साल की उम्र में भगतसिंह पिता किशन सिंह के साथ गन्ने के खेत पर गए। गन्ने की बुआई देख कहा कि एक-एक गन्ना बोने से क्या होगा? पिता ने जवाब दिया कि एक गन्ने की बुआई पर पाँच गन्ने होंगे। इतना सुनकर वे घर आ गए। घर से एक खिलौने की बँदूक खेत पर लेकर गए और उसे जमीन में दबाने लगे। पिता ने पूछा तो कहा कि एक बंदूक से पाँच बंदूकें पैदा होंगी जो आजादी के काम आएँगी।

भगतसिंह सैनिकों जैसी शहादत चाहते थे और वे फाँसी की बजाय सीने पर गोली खाकर वीरगति प्राप्त करना चाहते थे। यह बात भगतसिंह द्वारा लिखे पत्र में थी, जिसमें उन्होंने 20 मार्च, 1931 को पंजाब के तत्कालीन गवर्नर से माँग की थी कि उन्हें युद्धबंदी माना जाए और फाँसी पर लटकाने की बजाय गोली से उड़ा दिया जाए। ब्रिटिश सरकार ने उनकी माँग नहीं मानी और सारे नियम-कानून का उल्लंघन कर निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही 23 मार्च को फाँसी दे दी। गोरी सरकार ने सुबह की बजाय संध्या के वक्त फाँसी दी जो कि कानून का घोर उल्लंघन था। अंग्रेजों को डर था कि भगतसिंह की फाँसी से हिंदुस्तान में बड़े पैमाने पर जन-विद्रोह भड़क उठेगा, इसलिए उन्होंने एक दिन पहले ही चुपके से भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को फाँसी के फंदे पर चढ़ा दिया।

जेल से भगतसिंह ने अपने पिता किशन सिंह को एक पत्र लिखा था, जिसमें वतन के नाम उनकी मोहब्बत किसी को भी अपना बना लेती है।

भगतसिंह ने इसमें लिखा था : 'जनाब वालिद साहब, मेरी जिंदगी का मकसद आजाद–ए–हिंद के सिद्धांत के लिए दान हो जाना है, इसलिए मेरी जिंदगी में आराम और दुनियादारी का आकर्षण नहीं है। आपको याद होगा कि जब मैं छोटा था तो बापू (दादा अर्जुन सिंह) ने मेरे नामकरण के वक्त ऐलान किया था कि मुझे देशसेवा के लिए दान कर दिया है। लिहाजा मैं उस वक्त की प्रतिज्ञा पूरी कर रहा हूँ। आपका ताबेदार भगतसिंह।'

फाँसी के एक दिन पहले, 22 मार्च, 1931 को शहीद–ए–आजम ने अपने सास्थियों को पत्र लिखा और अपने दिल की बात बेबाकी से कही, "जीने की इच्छा मुझमें भी होनी चाहिए, जिसे मैं छुपाना नहीं चाहता, लेकिन एक

Downloaded from www.PDFshala.com

शर्त पर जिंदा रह सकता हूँ कि मैं कैद या पाबंद होकर जीना नहीं चाहता। मेरा नाम हिंदुस्तान क्रांति का प्रतीक बन चुका है और क्रांतिकारी दल के आदर्शों व कुर्बानियों ने मुझे ऊँचा उठा दिया। इतना ऊँचा मैं हरगिज नहीं हो सकता। अगर मैं फाँसी से बच गया तो क्रांति का प्रतीक-चिह्नमद्‌धम पड़ जाएगा, लेकिन दिलेराना ढंग से हँसते-हँसते मेरे फाँसी पर चढ़ने की सूरत में हिंदुस्तानी माताएँ अपने बच्चों के भगतसिंह बनने की आरजू किया करेंगी और देश के लिए कुरबानी देनेवालों की तादाद इतनी बढ़ जाएगी कि क्रांति को रोकना तमाम शैतानी शक्तियों के बूते की बात नहीं रह जाएगी। देश के लिए जो कुछ करने की हसरत मेरे दिल में थी, उसका हजारवाँ हिस्सा भी अदा नहीं कर सका। अगर स्वतंत्र जिंदा रह सकता, तब शायद उन्हें पूरा करने का अवसर मिलता।"

अंतिम समय में जब माता विद्यावती उनसे लाहौर जेल में मिलने गईं तो उन्होंने कहा, 'बेटा भगत, तू इतनी छोटी उम्र में मुझे छोड़कर चला जाएगा।'

इस पर भगतसिंह ने कहा, "बेबे, मैं देश में एक ऐसा दीया जला रहा हूँ, जिसमें न तो तेल है और न ही घी। उसमें मेरा रक्त और विचार मिले हुए हैं। अंग्रेज मुझे मार सकते हैं, लेकिन मेरी सोच व मेरे विचारों को नहीं, और जब भी अन्याय व भ्रष्टाचार के खिलाफ जो भी शख्स तुम्हें लड़ता हुआ नजर आए, वह तुम्हारा भगत होगा।'

अपने पिता व दादा कुलबीर सिंह (जो भगतसिंह के छोटे भाई थे) से सुनी बातों में से एक बात आपको बताता हूँ कि एक दिन भगतसिंह से मिलने कुलबीर सिंह व माता विद्यावती लाहौर जेल गए। भगतसिंह को बैरक से बाहर निकाला गया। उनके साथ पुलिस अफसर सहित कई जवान थे। भगतसिंह के चेहरे पर परेशानी के भाव नहीं थे। उन्हें पता था कि परिजनों से यह उनकी आ खिरी मुलाकात है। उन्होंने माँ से कहा, 'बेबे, दादाजी अब ज्यादा दिन तक नहीं जाएँगे। आप बंगा जाकर उनके पास ही रहें।' उन्होंने सभी को सांत्वना दी।

माँ को पास बुलाकर हँसते–हँसते कहा, 'बेबे, लाश लेने आप मत आना। कुलबीर को भेज देना। कहीं आप रो पड़ीं तो लोग कहेंगे कि भगतसिंह की माँ रो रही है।' यह कह इतनी जोर से हँसे कि जेल अधिकारी उन्हें देखते रह गए। भगतसिंह हमेशा कहते थे कि अंग्रेज मुझे मार सकते हैं पर मेरी सोच और विचारों को नहीं।

शहीद–ए–आजम का लिखा हुआ शेर

तुझे जिबह करने की खुशी और मुझे मरने का शौक है

है मेरी भी मरजी वही जो मेरे सैयाद की है।

इन पंक्तियों का एक-एक शब्द उस महान् देशभक्त की वतन पर मर-मिटने की इच्छा जाहिर करता है, जिसने आजादी की राह में हँसते-हँसते फाँसी के फंदे को चूम लिया। देशभक्त की यह तहरीर भगतसिंह की इस डायरी का हिस्सा है, जो उन्होंने जेल मे लिखी थी। शहीद–ए–आजम ने आजादी का सपना देखते हुए जेल में जो दिन गुजारे, उन्हें पल-पल अपनी डायरी में दर्ज किया। इसी जेल डायरी में भगतसिंह ने विश्व में कानून व न्याय व्यवस्था पर एक जगह विस्तृत नोट्स लिखे हैं, जो लगता है कि अपने मुकदमे की कानूनी लड़ाई खुद ही लड़ले के लिए तैयारी के रूप में लिखे गए हैं। ये नोट्स पुस्तकों के उद्धरण न होकर भगतसिंह की न्याय व्यवस्था की समझदारी को इंगित करनेवाले हैं। इसी प्रकार एक जगह राज्य का विज्ञान (साइंस ऑफ द स्टेट) शीर्षक से भी सुकरात से लेकर आधुनिक चिंतकों तक के नोट्स एक ही जगह मिलते हैं, जिससे फ्रांसीसी क्रांति और रूसी बोल्शेविक प्रयोग तक को समाहित किया गया है।

—यादविंदर सिंह सिंधु

सुपौत्र शहीद भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

पुत्र स्व. श्री बाबर सिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

संदेश



शहीद भगतसिंहजी एक ऐसे व्यक्तित्ववाले व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यों से यह दिखाया कि अँधेरे से उजाले में, गुलामी से आजादी और दु:ख-तकलीफ को कैसे खुशी में बदला जा सकता है। हमारे देश की आजादी की लड़ाई में उनका बलिदान एक मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने मात्र 23 साल की आयु में ऐसी उपलब्धियों को प्राप्त किया, जिसके कारण वे आज 'शहीद-ए-आजम' के नाम से जाने जाते हैं।

मुझे बहुत खुशी व गर्व हो रहा है कि मैं इस पुस्तक, जिसके अंदर जेल की काल-कोठरी में अंग्रेजों द्वारा दी गई यातनाएँ सहते हुए शहीद भगतसिंह ने आजादी पर अपने विचारों क्रांति क्या होती है और मानव किन विचारों को ग्रहण करके एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकता है, को लाहौर सेंट्रल जेल में लिखा था।

शहीद भगतसिंह की यह जेल डायरी पढ़कर यह पता चलता है कि वे सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि दूरदृष्टि रखनेवाले विचारक भी थे, जिन्होंने आजादी के बाद कैसा हिंदुस्तान होना चाहिए, उस पर भी अपने विचार लिखे। जेल के दौरान लगभग 110 किताबों को उन्होंने पढ़ा और उसका सार अपनी इस 'जेल डायरी' में लिखा, उन्हें पता था कि अंग्रेज उन्हें ज्यादा समय तक जीने नहीं देंगे, इसलिए उन्होंने अपने विचारों को डायरी में लिखा, ताकि देशवासी इसे पढ़ सकें और एक खुशहाल समाज व देश बना सकें। मैं उम्मीद और आशा करता हूँ कि यह किताब शहीद भगतसिंह के असली विचारों से भारतीयों को जोड़ेगी।

मैं यादविंदर सिंह, (सुपौत्र शहीद भगतसिंह) को इस प्रस्तुति के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूँ, क्योंकि इस माध्यम से शहीद भगतसिंह के हस्तलिखित लेख व उनका अनुवाद शहीद भगतसिंह के शब्दों में ही उनके चाहने वालों को देखने-पढ़ने को मिलेंगे। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए मेरी शुभकामनाएँ।

—जितेंद्र मेहरा

राष्ट्रीय अध्यक्ष

अखिल भारतीय खत्री महासभा

Downloaded from www.PDFshala.com

संदेश

शहीद-ए-आजम भगतसिंह सिर्फ एक नाम नहीं, मैं तो उन्हें एक संस्था बोलूँगा, क्योंकि शहीद भगतसिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि उसका एक-एक आचरण अपने आप में देशभक्ति का उदाहरण है। एक बेटा कैसा होता है, एक छात्र कैसा होता है, एक भाई कैसा होता है, एक मित्र कैसा होता है व देश का नागरिक कैसा होता है और देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति मेरे लिए शहीद भगतसिंह है। बचपन से ही **अपनी माताजी से देश के सच्चे सपूत के बारे में सुना करता था,** उनकी हिम्मत को सुनकर उत्साहित हुआ करता था और उनका त्याग-बलिदान सुनकर आँखों में आँसू आ जाते थे। भारत माँ आज भी भगतसिंह जैसा वीर सपूत ढूँढ़ रही है। मैं उम्मीद और आशा करता हूँ, 'शहीद भगतसिंह जेल डायरी' इस पुस्तक के माध्यम से एक बार फिर से भगतसिंह की यादें नौजवानों में जागेंगी और वे अच्छे-सच्चे नागरिक बनकर देश की सेवा में योगदान करेंगे।

मैं **(यादविंद्र सिंह सुपौत्र शहीद भगतसिंह)** को इस प्रस्तुति के लिए बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

—धर्मेंद्र

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता

Downloaded from www.PDFshala.com

संदेश

मैं नौ साल का था। मुझे याद है, मथुरा की उन गलियों में हम लोग 'भगतसिंह भगतसिंह' ड्रामा खेलते थे। शहीद फिल्म देखने के बाद भगतसिंहजी का जुनून सिर पर सवार हो गया था। 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गाने को गाते हुए हम फाँसी वाले एक्ट को हँसते-हँसते खेलते थे। फाँसी नहीं जैसे फंदे को गले लगाना, उससे लटकना एक बड़ा आनंद हो। ऐसा असर था शहीदे आजम के किरदार का।

कुछ दिन पहले जब यादवेंद्रजी ऑफिस पधारे और शहीदे आजम की यह जेल में लिखी डायरी मुझे दिखाई तो मुझे उस डायरी को स्पर्श करने का अवसर मिला, मेरे रोमांच की सीमा अपार हो गई थी। जिन पन्नों को भगतसिंहजी ने छुआ, जिन शब्दों को भगतसिंहजी ने लिखा, उनको मैं छू सका—उफ अनंत...अथाह आनंद! उनका ज्ञान, उनका ध्यान, उनका देशप्रेम, उस नन्ही सी 13 वर्ष की उम्र में उनका व्यक्तित्व अतुलनीय है। मेरा उनको शत-शत प्रणाम।

ईश्वर से प्रार्थना है, हमें इतनी शक्ति दे कि हम उनके इन विचारों का अनुसरण कुछ अंश मात्रा में भी कर सकें।

जयहिंद!

—अनिल शर्मा

निर्देशक

Downloaded from www.PDFshala.com

सरदार अर्जुन सिंह

(शहीद भगतसिंह के दादाजी)



सरदार किशन सिंह

(शहीद भगतसिंह के पिताजी)

Downloaded from www.PDFshala.com

सरदार सवर्ण सिंह

(शहीद भगतसिंह के चाचाजी)

सरदार अजीत सिंह

(शहीद भगतसिंह के चाचाजी)

Downloaded from www.PDFshala.com

श्रीमती विद्यावती

(शहीद भगतसिंह की माताजी, 'पंजाब माता के रूप में विख्यात')

सरदार कुलबीर सिंह

(शहीद भगतसिंह के सगे छोटे भाई)

Downloaded from www.PDFshala.com

सरदार कुलबीर सिंह व श्रीमती विद्यावती

बालक शहीद भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

तरुण शहीद भगतसिंह

शहीद भगतसिंह का एक प्रभावी चित्र

Downloaded from www.PDFshala.com



शहीद भगतसिंह

(पहली बार गिरफ्तार होने के बाद जेल में)



शहीद भगतसिंह का अत्यंत लोकप्रिय चित्र

Downloaded from www.PDFshala.com



शहीद भगतसिंह

(कॉलेज का एक समूह चित्र, भगतसिंह गोले में हैं)



Downloaded from www.PDFshala.com

युवा स्व. श्री बाबर सिंह

(अपनी दादीजी श्रीमती विद्यावती के साथ)

शहीद भगतसिंह को श्रद्धांजलि देते स्व. बाबर सिंह



1907 में सूरत कांग्रेस में लोकमान्य तिलक व अरविंद घोष के साथ सरदार अजीत सिंह

Downloaded from www.PDFshala.com



सरदार अजीत सिंह व सरदार कुलबीर सिंह

लाहौर में कांग्रेस कमेटी की ओर से सरदार अजीत सिंह के सम्मान में वक्तव्य देते श्री पूरन चंद आजाद

Downloaded from www.PDFshala.com

सरदार कुलबीर सिंह अपने पिताजी सरदार किशन सिंह के साथ

शहीद चंद्रशेखर आजाद

Downloaded from www.PDFshala.com

गोली लगने के बाद शहीद चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के एल्फ्रेड पार्क में

शहीद भगतसिंह पर भारत सरकार द्‌वारा जारी डाक टिकट

Downloaded from www.PDFshala.com

दुर्गा भाभी अपने पुत्र सचिन के साथ, लाहौर से बचकर निकलने में उन्होंने शहीद भगतसिंह की ममद की थी



The Tribune

LAHORE, WEDNESDAY, APRIL 10, 1929

BOMB EXPLOSION IN LEGISLATIVE ASSEMBLY.

Finance Member Injured.

MEMBERS RUSH OUT IN PANIC.

President Patel Adjourns the House.

BOMBS THROWN

TWO young men, one a Punjabi and the other a Bengali entered the Legislative Assembly, dropped Red leaflets, threw bombs and fired pistols. They were arrested.

MEMBERS INJURED

असेंबली में बम फेंकने की रिपोर्ट का प्रकाशन

Downloaded from www.PDFshala.com



FIR NO. 113 DATED 08.04.1929 U/S 307 IPC & 3/4 ACT NO.6 OF 1908
POLICE STATION NEW DELHI
AGAINST SARDAR BHAGAT SINGH & BATUKESHWAR DUTT

'बम फेंकने' की यथाक स्थित घटना की एफ.आई.आर. की प्रति

Downloaded from www.PDFshala.com


REGISTERED No. L 848.

The Gazette of India

EXTRAORDINARY.

PUBLISHED BY AUTHORITY.

SIMLA, THURSDAY, MAY 1, 1930.

GOVERNMENT OF INDIA

LEGISLATIVE DEPARTMENT.

Simla, the 1st May 1930.

ORDINANCE NO. III OF 1930.

AN

ORDINANCE

TO

Make provision for the trial of the persons accused in the Lahore conspiracy case.

WHEREAS an emergency has arisen which makes it necessary to provide specially for the trial of the accused in the case known as the Lahore conspiracy case;

NOW, THEREFORE, in exercise of the power conferred by section 72 of the Government of India Act, the Governor General is pleased to make and promulgate the following Ordinance:—

1. This Ordinance may be called the Lahore Conspiracy Case Ordinance, 1930.

2. In this Ordinance—

(a) the "Code" means the Code of Criminal Procedure, 1898;

(b) the "High Court" means the High Court of Judicature at Lahore; and

(c) the "said cases" means the cases specified in section 3.

3. Notwithstanding anything contained in the Code ... the Court of ... Magistrate of the First Class, Lahore, against any or all of the persons named in the Schedule shall be tried by the Tribunal to be constituted under section 4.

4. (1) As soon as may be after the commencement of this Ordinance, the Chief Justice of the High Court shall constitute a Tribunal for the trial of the said cases consisting of three persons who at the time of such constitution are Judges, Additional Judges or officiating Judges of the High Court.

(2) The Chief Justice shall appoint one of the members of the Tribunal to be President of the Tribunal.

5. (1) If, for any reason, any member of the Tribunal is unable to discharge his duties, the Chief Justice shall appoint another Judge, Additional Judge, or officiating Judge of the High Court to be a member of the Tribunal.

SIMLA

The 1st May 1930.

मई 1930 में ट्रिब्यून की गजट सूचना

Downloaded from www.PDFshala.com



The Tribune.

VOL. LI NO. 70 LAHORE, WEDNESDAY, MARCH 25, 1931. Price One Anna

BHAGAT SINGH, RAJGURU AND SUKHDEV EXECUTED.

NO "LAST INTERVIEW" WITH RELATIONS.

Shouts Emerge From Jail.

DEAD BODIES SECRETLY DISPOSED OF

Removed to Distant Place.

BHAGAT SINGH

Thick Veil of Secrecy.

Relations' Futile Quest for Dead Bodies.

Bhagat Singh's Letter

DEAD BODIES REMOVED.

Not Given to Relations.

Congressmen's Feeling.

Fastest Train in World

Optical Instruments

"DRUMS OF LOVE"

शहीद भगतसिंह को फाँसी देने के अगले दिन प्रकाशित अंग्रेजी समाचार-पत्र 'ट्रिब्यून'

Downloaded from www.PDFshala.com



38 वर्षों के निर्वासन के बाद लाहौर पहुँचे सरदार अजीत सिंह का स्वागत यश एवं कुलबीर सिंह, माता हरनाम कौर व सरदार किशन सिंह ने किया

Downloaded from www.PDFshala.com

हमें गोली से उड़ाया जाए

20 मार्च, 1931

प्रति

गवर्नर पंजाब, शिमला

महोदय,

उचित सम्मान के साथ हम नीचे लिखी बातें आपकी सेवा में दे रहे हैं। भारत की ब्रिटिश सरकार के सर्वोच्च अधिकारी वाइसराय ने एक विशेष अध्यादेश जारी करके लाहौर षड्यंत्अभियोग की सुनवाई के लिए एक विशेष न्यायाधिकरण ट्रिब्यूनल स्थापित किया था, जिसने अक्तूबर 1930 को हमें फाँसी का दंड सुनाया। हमारे विरुद्ध सबसे बड़ा आरोप यह लगाया गया है कि हमने सम्राट जार्ज पंचम के विरुद्ध युद्ध किया है। न्यायालय के निर्णय से दो बातें स्पष्ट हो जाती हैं। पहली यह कि अंग्रेज जाति और भारतीय जनता के मध्य एक युद्ध चल रहा है। दूसरे यह कि हमने निश्चित रूप से इस युद्ध में भाग लिया है। अत: हम युद्धबंदी हैं। हम यह कहना चाहते हैं कि युद्ध छिड़ा हुआ है और यह लड़ाई तब तक चलती रहेगी, जब तक कि शक्तिशाली व्यक्तियों ने भारतीय जनता और श्रमिकों की साँस के साधनों पर अपना एकाधिकार कर रखा है। निश्चित ही यह युद्ध उस समय तक समाप्त नहीं होगा, जब तक कि समाज का वर्तमान ढाँचा समाप्त नहीं हो जाता। प्रत्येक वस्तु में परिवर्तन या क्रांति समाप्त नहीं हो जाती और मानवीय सृष्टि में एक नवीन युग का सूत्रपात नहीं हो जाता है।

हम आपसे केवल यह प्रार्थना करना चाहते हैं कि आपकी सरकार के ही न्यायालय के निर्णय के अनुसार हमारे विरुद्ध युद्ध जारी रखने का अभियान है। इस दृष्टि से हम युद्धबंदी हैं। अत: इस आधार पर हम आपसे माँग करते हैं कि हमारे प्रति युद्धबंदियों जैसा ही व्यवहार किया जाए और हमें फाँसी देने के बदले गोली से उड़ा दिया जाए।

भवदीय

भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु

Downloaded from www.PDFshala.com

भाई कुलबीर सिंह के नाम भगतसिंह का अंतिम पत्र फाँसी लगने से बीस दिन पहले लिखा गया।

सेंट्रल जेल, लाहौर

3 मार्च, 1931

प्रिय कुलबीर सिंह,

तुमने मेरे लिए बहुत कुछ किया। मुलाकात के समय तुमने अपने खत के जवाब में कुछ लिख देने के लिए कहा था। कुछ शब्द लिख दूँ। देख, मैंने किसी के लिए कुछ न किया। तुम्हारे लिए भी कुछ न कर सका। आज तुम सबको विपदाओं में छोड़कर जा रहा हूँ। तुम्हारी जिंदगी का क्या होगा? गुजर किस तरह करोगे? विपदाओं से न घबराना, इसके सिवाय और क्या कह सकता हूँ! अमेरिका जा सकते तो बहुत अच्छा होता, लेकिन अब तो यह नामुमकिन जान पड़ता है। धीरे-धीरे हिम्मत से पढ़ लो। अगर कोई काम सीख सको तो बेहतर होगा, लेकिन सब कुछ पिताजी की सलाह से करना। जहाँ तक हो सके, प्यार-मोहब्बत से रहना। इसके सिवाय और क्या कहूँ? जानता हूँ कि आज तुम्हारे दिल में गम का समुद्र ठाठें मार रहा है। तुम्हारे बारे में सोचकर मेरी आँखों में आँसू आ रहे हैं, लेकिन क्या किया जा सकता है? हौसला रख मेरे अजीज, मेरे प्यारे भाई, जिदंगी बड़ी बेरहम। लोग भी बहुत बेरहम हैं । सिर्फ हिम्मत और प्यार से ही गुजारा हो सकेगा। कुलतार की पढ़ाई की चिंता भी तुम्हें करनी है। बहुत शर्म आती है और अफसोस के सिवाय मैं कर भी क्या सकता हूँ? साथ वाला खत हिंदी में लिखा है। खत बी.के. की बहन को दे देना। अच्छा नमस्कार, अजीज भाई, अलविदा।

तुम्हारा शुभाकांक्षी

भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

विद्यार्थियों के नाम पत्र

(भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त की ओर से जेल से भेजा गया यह पत्र 19 अक्तूबर, 1929 को पंजाब छात्र संघ, लाहौर के दूसरे अधिवेशन में पढ़कर सुनाया गया था। अधिवेशन के सभापति थे नेताजी सुभाषचंद्र बोस)।

इस समय नौजवानों से हम यह नहीं कह सकते कि वे बम और पिस्तौल उठाएँ। आज विद्यार्थियों के सामने इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण काम है। आने वाले लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबरदस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। राष्ट्रीय इतिहास के इन कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ी है।

क्या परीक्षा की इस घड़ी में वे उसी प्रकार की दृढ़ता और आत्मविश्वास का परिचय देने से हिचकिचाएँगे? नौजवानों को क्रांति का संदेश देश के कोने-कोने में पहुँचाना है। फैक्टरी, कारखानों के क्षेत्रों में, गंदी बस्तियों और गाँवों की जर्जर झोंपड़ियों में रहने वाले करोड़ों लोगों में इस क्रांति की अलख जगानी है, जिससे आजादी आएगी और तब एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य का शोषण अंसकद हो जाएगा। आज देश के प्रति अपनी श्रद्धा और शहीद यतींद्रनाथ दास के बलिदान से प्रेरणा लेकर यह सिद्ध कर दें कि स्वतंत्रता के इस संघर्ष में दृढ़ता से टक्कर ले सकते हैं।

22 अक्तूबर, 1929 के ट्रिब्यून (लाहौर) में प्रकाशित

Downloaded from www.PDFshala.com

घर को अलविदा पिताजी के नाम पत्र

पूज्य पिताजी, नमस्ते।

मेरी जिंदगी का मकसदे आला ऊँचा उद्देश्य यानि आजादी हिंद के असूल सिद्धांत के लिए वक्फ (दान) हो चुकी है। इसलिए मेरी जिंदगी में आराम और दुनियांनी वाहशात (सांसारिक इच्छा) वामसे क शिश (आकर्षक) नहीं है।

आपको याद होगा कि जब मैं छोटा था तो बापूजी ने मेरे यज्ञोपवीत के वक्त ऐलान किया था कि मुझे खिदमते वतन (देश सेवा) के लिए वक्फ कर दिया गया है। लिहाजा मैं उस वक्त की प्रतिज्ञा पूरी कर रहा हूँ। उम्मीद है, आप मुझे माफ फरमाएँगे।

आपका ताबेदार
भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

बलिदान से पहले साथियों को अंतिम पत्र

22 मार्च, 1931

साथियो,

स्वाभाविक है कि जीने की इच्छा मुझमें भी होनी चाहिए, जिसे मैं छुपाना नहीं चाहता, लेकिन एक शर्त पर जिंदा रह सकता हूँ कि मैं कैद या पाबंद होकर जीना नहीं चाहता। मेरा नाम हिंदुस्तानी क्रांति का प्रतीक बन चुका है और क्रांतिकारी दल के आदर्शों व कुर्बानियों ने मुझे ऊँचा उठा दिया, इतना ऊँचा कि जीवित रहने की स्थिति में इससे ऊँचा मैं हरगिज नहीं हो सकता। आज मेरी कमजोरियाँ जनता के सामने नहीं हैं। अगर मैं फाँसी से बच गया तो वे जाहिर हो जाएँगी और क्रांति का प्रतीक चिह्नमद्धम पड़ जाएगा या संभवत: मिट ही जाए। लेकन दिलेराना ढंग से हँसते-हँसते मेरे फाँसी चढ़ने की सूरत में हिंदुस्तानी माताएँ अपने बच्चों के भगतसिंह बनने की आरजू किया करेंगी और देश के लिए कुर्बानी देने वालों की तादाद इतनी बढ़ जाएगी कि क्रांति को रोकना साम्राज्यवाद या तमाम शैतानी शक्तियों के बूते की बात नहीं रहेगी। हाँ, एक विचार आज भी मेरे मन में आता है कि देश और मानवता के लिए जो कुछ करने की हसरतें मेरे दिल में थीं, उनका हजारवाँ भाग भी पूरा नहीं कर सकता। अगर स्वतंत्र, जिंदा रह सकता, तब शायद उन्हें पूरा करने का अवसर मिलता और मैं अपनी हसरतें पूरी कर सकता। इसके सिवाय मेरे मन में कोई लालच फाँसी से बचने का नहीं आया। मुझसे अधिक भाग्यशाली कौन होगा? आजकल मुझे स्वयं पर बहुत गर्व है। अब तो बड़ी बेताबी से अंतिम परीक्षा का इंतजार है। कामना है कि यह और नजदीक हो जाए।

आपका साथी
भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

यह भगतसिंह का पहला खत है, जब वह छठी कक्षा में पढ़ रहे थे। उनका यह पत्र दादा अर्जुन सिंह को संबोधित है।

लाहौर 22 जुलाई, 1918

पूज्य बाबाजी,

नमस्ते।

अर्ज यह है कि आपका खत मिला, पढ़कर दिल खुश हुआ। इम्तिहान की बात ये है कि मैंने पहले इसलिए नहीं लिखा था, क्योंकि हमें बताया नहीं गया था। अब हमें अंग्रेजी और संस्कृत का नतीजा बताया गया है। उनमें मैं पास हूँ। संस्कृत में मेरे 150 नंबरों में 110 नंबर हैं। अंग्रेजी में 150 में से 68 नंबर हैं। जो 150 में से 50 नंबर ले जाए, वह पास होता है। 68 नंबरों को लेकर मैं अच्छी तरह पास हो गया हूँ। किसी किस्म की चिंता न करना। बाकी नहीं बताया गया। छुट्टियाँ—8 अगस्त को पहली छुट्टी होगी। आप कब आएँगे, लिखना।

आपका आज्ञाकारी,

भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

काकोरी के शहीदों को फाँसी

जनवरी 1928 के 'किरती' में भगतसिंह ने एक और लेख काकोरी के शहीदों के बारे में 'विद्रोही' के नाम से लिखा।

'किरती' के पाठकों को पहले किसी अंक में हम काकोरी के मुकदमे के हालात बता चुके हैं। अब इन चार वीरों को फाँसी दिए जाने का हाल बताते हैं।

17 दिसंबर, 1927 को श्री राजिंद्रनाथ लाहिड़ी को गोंडा जेल में फाँसी दी गई और 19 दिसंबर, 1927 को श्री राम प्रसाद 'बिस्मिल' को गोरखपुर जेल में, श्री अशफाक उल्ला को फैजाबाद जेल में और श्री रोशन सिंहजी को इलाहाबाद जेल में फाँसी पर चढ़ा दिया गया।

इस मुकदमे के सेशन जज मि. हेमिल्टन ने फैसला देते हुए कहा था कि ये नौजवान देशभक्त हैं और इन्होंने अपने किसी लाभ के लिए कुछ भी नहीं किया और यदि यह नौजवान अपने किए पर पश्चात्ताप करें तो उनकी सजाओं में रियायत की जा सकती है, लेकिन उन्हें फाँसी दिए बगैर डायन नौकरशाही को चैन कैसे पड़ता? अपील में बहुत से लोगों की सजाएँ बढ़ा दी गईं। फिर न तो गवर्नर और न ही वायसरॉय ने उसके यौवन की ओर ध्यान दिया और प्रिवी कौंसिल ने तो उनकी अपील सुनने से पहले ही खारिज कर दी। यू.पी. कौंसिल के बहुत से सदस्यों, असेंबली और कौंसिल और स्टेट के बहुत से सदस्यों ने वायसरॉय को उनकी जवानी पर दया करने की दरखास्त दी, लेकिन होना क्या था? उनके इतने हाथ-पाँव मारने का कोई परिणाम न निकला। यू.पी. कौंसिल के स्वराज पार्टी के नेता श्री गोविंद वल्लभ पंत उनके मामले पर बहस के लिए अपना मत वायसरॉय और लाट साहब को भेजने के लिए शोर मचा रहे थे। पहले तो प्रेजीडेंट साहब ही अनुमति नहीं दे रहे थे, लेकिन बहुत से सदस्यों ने मिलकर कहा तो सोमवार को बहस के लिए इजाजत मिली, लेकिन फिर छोटे अंग्रेज अध्यक्ष, जो उस समय अध्यक्ष का काम कर रहा था, ने सोमवार को कौंसिल की छुट्टी ही कर दी। होम मेंबर नवाब छतारी के दर पर जा चिल्लाए, लेकिन उनके कानों पर जूँ तक न सरकी और कौंसिल में उनके संबंध में एक शब्द भी न कहा जा सका और उन्हें फाँसी पर लटका ही दिया गया। इसी क्रोध में नीचता के साथ रूसी जार और फ्रांसीसी लुइस बादशाह होनहार युवकों को फाँसी पर लटका-लटकाकर दिलों की भड़ास निकालते रहे, लेकिन उनके राज्यों की नींवें खोखली हो गई थीं और उनके तख्ते पलट गए। इसी गलत तरीके का आज फिर इस्तेमाल हो रहा है। देखें, यदि इस बार इनकी मुरादें पूरी हों। नीचे हम उन चारों वीरों के हालात संक्षेप में लिखते हैं, जिससे यह पता चले कि यह अमूल्य रत्न मौत के सामने खड़े होते भी किस बहादुरी से हँस रहे थे।

Downloaded from www.PDFshala.com

श्री राजिंद्रनाथ लाहिड़ी

आप हिंदू विश्वविद्यालय बनारस के एम.ए. के छात्र थे। 1925 में कलकत्ते के पास दक्षिणेश्वर बम फैक्टरी पकड़ी गई थी, उसमें आप भी पकड़े गए थे और आपको सात बरस की कैद हो गई थी। वहीं से आपको लखनऊ लाया गया और काकोरी केस में आपको फाँसी की सजा दे दी गई। आपको बाराबंकी और गोंडा जेलों में रखा गया। आप मौत को सामने देख घबराते नहीं थे, बल्कि हमेशा हँसते रहते थे। आपका स्वभाव बड़ा हँसमुख और निर्भय था। आप मौत का मजाक उड़ाते रहते थे।

आपने 14 दिसंबर को एक मित्र के नाम लिखा था—

कल मुझे पता चला है कि प्रिवी कौंसिल ने मेरी अपील खारिज कर दी है। आप लोगों ने हमें बचाने की कोई कोशिश की, लेकिन लगता है कि देश की बलिवेदी पर हमारे प्राणों के बलिदान की ही जरूरत है। मौत क्या है? जीवन की दूसरी दिशा के सिवाय कुछ नहीं। जीवन क्या है? मौत की ही दूसरी दिशा का नाम है। फिर डरने की क्या जरूरत है? यह तो प्राकृतिक बात है, उतनी ही प्राकृतिक जितना कि प्रात: में सूर्योदय। यदि हमारी यह बात सच है कि इतिहास पलटा खाता है तो मैं समझता हूँ कि हमारा बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मेरा नमस्कार। सबको अंतिम नमस्कार।

—आपका राजिंद्रनाथ लाहिड़ी

Downloaded from www.PDFshala.com

श्री रोशन सिंहजी

आपको 19 दिसंबर को इलाहाबाद में फाँसी दी गई। उनका एक आखिरी पत्र 13 दिसंबर का लिखा हुआ है। आप लिखते हैं—

इस हफ्ते फाँसी हो जाएगी। ईश्वर के आगे विनती है कि आपके प्रेम का आपको फल दे। आप मेरे लिए कोई गम न करना। मेरी मौत तो खुशीवाली है। चाहिए तो यह कि कोई बदफैली करके बदनाम होकर न मरे और अंत समय ईश्वर याद रहे। तो यही दो बातें हैं। इसलिए कोई गम नहीं करना चाहिए। दो साल बाल-बच्चों से अलग रहा हूँ। ईश्वर भजन का खूब अवसर मिला। इसलिए मोह-माया सब टूट गई। अब कोई चाह बाकी न रही। मुझे विश्वास है कि जीवन की दु:ख भरी यात्रा खत्म करके सुख के स्थान पर जा रहा है। शास्त्रों में लिखा है, युद्ध में मरने वालों की ऋषियों जैसी जमात (श्रेणी) होती है।

जिंदगी जिंदादिली को जानिए रोशन, वरना कितने मरे और पैदा होते जाते हैं। आखिरी नमस्कार।

श्री रोशन सिंह रायबरेली के काम करनेवालों में थे। किसान आंदोलन में जेल जा चुके थे। सबको विश्वास था कि हाईकोर्ट से आपकी मौत की सजा टूट जाएगी, क्योंकि आपके खिलाफ कुछ भी नहीं था। लेकिन फिर भी वे अंग्रेजशाही का शिकार ही हो गए और फाँसी पर लटका दिए गए। तख्ते पर खड़े होने के बाद आपके मुँह से जो आवाज निकली, वह यह थी—'वंदेमातरम्'।

आपकी अरथी के जुलूस की इजाजत नहीं दी गई। लाश की फोटो लेकर दोपहर में आपका दाह-संस्कार कर दिया गया।

Downloaded from www.PDFshala.com

श्री अशफाक उल्ला

यह मस्ताना शायर भी हैरान करनेवाली खुशी से फाँसी चढ़ा। बड़ा सुंदर और लंबा-चौड़ा जवान थ, तगड़ा बहुत था। जेल में कुछ कमजोर हो गया था। आपने मुलाकात के समय बताया कि कमजोर होने का कारण गम नहीं, बल्कि खुदा की याद में मस्त रहने की खातिर रोटी बहुत कम खाना है। फाँसी से एक दिन पहले आपकी मुलाकात हुई। आप खूब सजे-सँवरे थे। बड़े-बड़े कढ़े हुए केश खूब सजते थे। बड़ा हँस-हँसकर बातें करते रहे। आपने कहा, कल मेरी शादी होनेवाली है। दूसरे दिन सुबह छह बजे आपको फाँसी दी गई। कुरआन शरीफ का बस्ता लटकाकर हाजियों की तरह वजीफा पढ़ते हुए बड़े हौसले से चल पड़े। आगे जाकर तख्ते पर रस्सी को चूम लिया। वहीं आपने कहा—

"मैंने कभी किसी आदमी के खून से अपने हाथ नहीं रँगे और मेरा इनसाफ खुदा के सामने होगा। मेरे ऊपर लगाए सभी इल्जाम गलत हैं।" खुदा का नाम लेते ही रस्सी खींची गई और वे कूच कर गए। उनके रिश्तेदारों ने बड़ी मिन्नतों-खुशामदों से उनकी लाश ली और उन्हें शाहजहाँपुर ले आए। लखनऊ स्टेशन पर मालगाड़ी के एक डिब्बे में उनकी लाश देखने का अवसर कुछ लोगों को मिला। फाँसी के दस घंटे बाद भी चेहरे पर वैसी ही रौनक थी। ऐसा लगता था कि अभी ही सोए हों, लेकिन अशफाक तो ऐसी नींद सो गए थे कि जहाँ से वे कभी नहीं जागेंगे। अशफाक शायर थे और उनका शायद उपनाम 'हसरत' था। मरने से पहले आापने ये दो शेर कहे थे —

'फना हैं हम सबके लिए, हम पै कुछ नहीं मौकूफ!
वका है एक फकत जाने की ब्रिया के लिए।'

(नाश तो सभी होंगे, कोई हम अकेले थोड़े होंगे। न मरने वाला तो सिर्फ एक परमात्मा है) और

'तंग आकर हम उनपके जुल्म से बेदाद से,
चल दिए सूए अदम जिंदाने फैजाबाद से।'

Downloaded from www.PDFshala.com

श्री राम प्रसाद ‘बिस्मिल’

श्री राम प्रसाद ‘बिस्मिल’ बड़े होनहार नौजवान थे। गजब के शायर थे। देखने में भी बहुत सुंदर थे। योग्य बहुत थे। जानने वाले कहते हैं कि यदि किसी और जगह या किसी और देश या किसी और समय पैदा हुऐ होते तो सेनाध्यक्ष बनते। आपको पूरे षड्यंत्र का नेता माना गया है। चाहे बहुत ज्यादा पढ़े हुए नहीं थे, लेकिन फिर भी पंडित जगतनारायण जैसे सरकारी वकील की सुध-बुध भुला देते थे। चीफ कोर्ट में अपनी अपील खुद ही लिखी थी, जिससे कि जजों को कहना पड़ा कि इसे लिखने में जरूर ही किसी बहुत बुद्धिमान व योग्य व्यक्ति का हाथ है।

19 तारीख की शाम को आपको फाँसी दी गई। 12 की शाम को जब आपको दूध दिया गया तो आपने यह कहकर इनकार कर दिया कि अब मैं माँ का दूध ही पिऊँगा। 18 को आपकी मुलाकात हुई। माँ को मिलते समय आपकी आँखों में अश्रु बह चले। माँ बहुत हिम्मतवाली देवी थीं। आपसे कहने लगी—हरीशचंद्र, दधीचि आदि बुजुर्गों की तरह वीरता, धर्म व देश के लिए जान दे। चिंता करने और पछताने की जरूरत नहीं। आप हँस पड़े। कहा, “माँ, मुझे क्या चिंता और क्या पछतावा? मैंने कोई पाप नहीं किया। मैं मौत से नहीं डरता। लेकिन माँ आग के पास रखा घी पिघल ही जाता है। तेरा-मेरा संबंध ही कुछ ऐसा है कि पास होते ही आँखों से अश्रु उमड़ पड़े। नहीं तो मैं बहुत खुश हूँ।” फाँसी पर ले जाते समय आपने बड़े जोर से कहा, ‘वंदेमातरम्’ ‘भारत माता की जय’ और शांति से चलते हुए कहा—

‘मालिक तेरी रजा रहे और तू ही तू रहे
बाकी न मैं रहूँ न मेरी आरजू रहे
जब तक कि तन में जान रगों में लहू रहे
तेरा ही जिक्रे यार, तेरी जुस्तजू रहे।’

फाँसी के तख्ते पर खड़े होकर आपने कहा—
I wish the downfall of the British Empire.
मैं ब्रिटिश साम्राज्य का पतन चाहता हूँ।

फिर यह शे’र पढ़ा—
अब न अहले वलवले हैं और न अरमानों की भीड़,
एक मिट जाने की हसरत, अब दिले-बिस्मिल में है।

फिर ईश्वर के आगे प्रार्थना की और फिर एक मंत्र पढ़ना शुरू किया। रस्सी खींची गई। रामप्रसादजी फाँसी पर लटक गए। आज वह वीर इस संसार में नहीं है। उसे अंग्रेजी सरकार ने अपना खौफनाक दुश्मन समझा। आम खयाल यह है कि उसका कसूर यही था कि वह इस गुलाम देश में जन्म लेकर भी एक बड़ा भारी बोझ बन गया था और लड़ाई की विद्या से खूब परिचित था। 7 बजे आपकी लाश मिली और बड़ा भारी जुलूस निकला। स्वदेश प्रेम में आपकी माता ने कहा—

“मैं अपने पुत्र की इस मृत्यु पर प्रसन्न हूँ, दु:खी नहीं। मैं श्री रामचंद्र जैसा ही पुत्र चाहती थी। बोलो, श्री रामचंद्र की जय!”

Downloaded from www.PDFshala.com

इत्र-फुलेल और फूलों की वर्षों के बीच उनकी लाश का जुलूस जा रहा था। दुकानदारों ने उनके ऊपर से पैसे फैंके। 11 बजे आपकी लाश श्मशान भूमि में पहुँची और अंतिम क्रिया समाप्त हुई।

आपके पत्र का आखिरी हिस्सा आपकी सेवा में प्रस्तुत है—

मैं खूब सुखी हूँ। 19 तारीख को प्रात: जो होना है, उसके लिए तैयार हूँ। परमात्मा काफी शक्ति देंगे। मेरा विश्वास है कि मैं लोगों की सेवा के लिए फिर जल्द ही जन्म लूँगा। सभी से मेरा नमस्कार कहें। दया कर इतना काम और भी करना कि मेरी ओर से पंडित जगतनारायण (सरकारी वकील, जिसने इन्हें फाँसी लगवाने के लिए बहुत जोर लगाया था) को अंतिम नमस्कार कह देना। उन्हें हमारे खून से लथपथ रुपयों से चैन की नींद आए। बुढ़ाने में ईश्वर उन्हें सद्‍बुद्‍धि दे।'

रामप्रसादजी की सारी हसरतें दिल-ही-दिल में रह गईं। आपने एक लंबा-चौड़ा ऐलान किया है, जिसे संक्षेप में हम दूसरी जगह दे रहे हैं। फाँसी से दो दिन पहले सी.आई.डी. के मि. हैमिल्टन आप लोगों की मिन्नतें करते रहे कि आप मौखिक रूप से सब बातें बता दो, आपको पाँच हजार रुपए नकद दे दिया जाएगा और सरकारी खर्चे पर विलायत भेजकर बैरिस्टर की पढ़ाई करवाई जाएगी, लेकिन आप कब इन बातों की परवाह करते थे? आप हकूमतों को ठुकराने वाले व कभी-कभार जन्म लेने वाले वीरों में से थे। मुकदमे के दिनों आपसे जज ने पूछा था, "आपके पास क्या डिग्री है?" तो आपने हँसकर जवाब दिया था, "सम्राट् बनाने वालों को डिग्री की कोई जरूरत नहीं होती, क्लाइव के पास भी कोई डिग्री नहीं थी।" आज वह वीर हमारे बीच नहीं है। आह!!

Downloaded from www.PDFshala.com

फाइल

नोटबुक

भारती भवन
बुकसेलर्स ऐंड पब्लिशर्स
लाहौर

Downloaded from www.PDFshala.com

For S. Bhagat Singh
four hundred & four pages
[404 pages]

12/9/29

Downloaded from www.PDFshala.com

हस्ताक्षर (अस्पष्ट)

(जेल अधिकारी, लाहौर)

12.9 (19) 29

हस्ताक्षर (भगतसिंह)

हस्ताक्षर (भगतसिंह)

संक्षिप्त नाम (बी.एस.)

संक्षिप्त नाम (बी.एस.)

(नोट : जैसे ही हम डायरी खोलते हैं, पहले पृष्ठ पर अंग्रेजी में लिखा है—भगतसिंह के लिए चार सौ चार (404 पृष्ठ)। नीचे एक हस्ताक्षर है और उस पर 12/9/29 की तिस्थि दी गई है। स्पष्ट है कि यह प्रविष्टि जेल अधिकारियों द्वारा भगतसिंह को कॉपी देते समय की गई थी। इसके नीचे भगतसिंह के दो पूरे और दो लघु हस्ताक्षर हैं। पृष्ठ के ऊपरी दाएँ किनारे पर भी अंग्रेजी में भगतसिंह का नाम लिखा है।)

(पेज 2 खाली)

Downloaded from www.PDFshala.com

हस्ताक्षर (अस्पष्ट)

(जेल अधिकारी)

12.09.29

(पेज 4 खाली)

Downloaded from www.PDFshala.com

Land measurements :-

German 20 hectares = 50 acres. i.e. 1 hectare = 2½ acre

भूमि का माप

(जर्मन 20 हेक्टेयर : 50 एकड़, अर्थात् 1 हेक्टेयर = 2) एकड़

Downloaded from www.PDFshala.com

8 *Freedom from Poverty*

The "freedom of property" ... as far as the small capitalists and peasant-proprietors are concerned, became "freedom from property."

Marriage itself remained, as before, the legally recognized form, the official cloak of prostitution ...

[Sim Scientific and Utopian]

—— . o . ——

Mental Bondage

"An eternal being created human society as it is today, and submission to 'superiors' and 'authority' is imposed on the 'lower' classes by divine will." This suggestion, coming from pulpit, platform and press, has hypnotised the minds of men and proves to be one of the strongest pillars of exploitation."

{Translator's Preface to Origin of the Family}

गरीबी से आजादी

"'संपत्ति की आजादी'...जहाँ तक छोटे पूँजीपतियों और किसान संपत्ति मालिकानों का सवाल है, 'संपत्ति से आजादी' बन गई।"

Downloaded from www.PDFshala.com

शादी खुद, पहले की तरह, कानूनन मंजूर वेश्यावृत्ति का सरकारी चौंगा बना रहा...

(सिस्म साइंटिफिक ऐंड यूटोपियन)

: * :

मानसिक बंधन

"किसी शाश्वत शक्ति ने वह मानव समाज बनाया, जो आज हमारे सामने है, और 'श्रेष्ठ लोगों' तथा 'अधिकारी' को 'निम्न' वर्गों पर ईश्वरीय इच्छा से थोपा गया है।"

उपदेश मंचों, सभा मंचों तथा अखबारों द्वारा कही जानेवाली इसी बात ने लोगों के दिमाग को सम्मोहित किया है और यही शोषण के सबसे मजबूत स्तंभों में एक स्तंभ बन गया है।

('परिवार की उत्पत्ति' में अनुवादक की प्रस्तावना)

Downloaded from www.PDFshala.com

The Origin of the Family
by Engels.

Morgan was the first to make an attempt at introducing a logical order into the history of primeval society.

He divides it into three main epochs:—
1. Savagery 2. Barbarism. 3. Civilization

1. Savagery re-divided into three stages.
1. Lower 2. middle 3. Higher.

1. Lower Stage of savagery:—
Infancy of human race. 1) Living in trees. 2) Fruits, nuts and roots serving as food. 3) The formation of articulated speech is the principal result of that period.

2. Middle Stage:—
Venison = animal flesh taken in hunting
1. Fire discovered. 2. Fish being used food. 3. Hunting stone implements invented. 4. Cannibalism comes into existence.

3. Higher Stage:—
1. Bow and arrow. No pottery. 2. Village settlements. 3. Timber used for building. 4. Cloth weaver.

Bow and arrows were for the stage of savagery what the sword was for barbarism and the fire arm for civilization the weapon of supremacy.

परिवार की उत्पत्ति

लेखक एंगेल्स

मोरगन ने आदिम समाज के इतिहास में सुसंगत व्यवस्था लाने की सबसे पहली कोशिश की।

वह इसे तीन मुख्य युगों (epochs) में विभाजित करता है—

1. असभ्यता (Savagery); (2) बर्बरता (Barbarianism) और (3) सभ्यता (Civilization)
2. असभ्यता का तीन अवस्थाओं में उप-विभाजन किया गया—

Downloaded from www.PDFshala.com

(1) निम्न (2) मध्य (3) उच्च

1. असभ्यता की निम्न अवस्था

मानव जाति का शिशुकाल। वृक्षों में निवास। (2) फलों, काष्ठ-फलों एवं कंद-मूल का भोजन। (3) इस कालावधि की मुख्य उपलब्धि स्पष्ट उच्चारण वाली भाषा का विकास है।

2. मध्य अवस्था

1. आग की खोज, 2. मछली का भोजन के रूप में उपयोग, 3. शिकार के लिए पत्थर के हथियारों का निर्माण, 4. नरभक्षण अस्तित्व में आया

3. उच्च अवस्था

1. तीर और कमान। (मिट्टी के बरतन नहीं), 2. गाँव में बसाहट, 3. भवन निर्माण के लिए लकड़ी का उपयोग, 4. कपड़ों की बुनाई।

असभ्यता की अवस्था में तीर और कमान का वही उपयोग था, जो बर्बरता की अवस्था में तलवार का और सभ्य अवस्था में आग्नेय अस्त्रों का। ये श्रेष्ठता सिद्ध करनेवाले हथियार बन गए।

Downloaded from www.PDFshala.com



2. Barbarism:—

1. Lower Stage:—

1. Introduction of pottery. At first wooden pots were covered with layers of earth, but afterwards earthen pots were discovered.
2. Human races divided into two distinct classes. (1) Eastern who tamed animals and had grain. (2) Western who had only 'corn'.

2. Middle Stage:—

1. (a) Western hemisphere i.e. in America they grew food plants, (cultivation and irrigation, and baked bricks for house-building.
(b) Eastern:— They domesticated animals; for milk and flesh. No cultivation in this stage yet.

3. Higher Stage:—

(1) melting of iron ore
(2) Invention of letter script and its utilization for writing records.
This stage is richer in inventions. This is the period of Greek heroes.
(3) Iron ploughshare drawn by animals to grow corn on a larger scale.
(4) Clearing of forests, and iron axe and iron spade used.
(5) Great attainments:— (1) improved iron tools, (2) the bellows (3) hand mill (4) Potter's wheel, (5) Preparation of oil and wine (6) fashioning metals (7) wagon and chariot (8) Ship building.

2. बर्बरता

1. निम्न अवस्था—

1. मिट्टी के बरतनों का उपयोग शुरू हुआ। पहले काष्ठ के बरतनों पर मिट्टी की परत चढ़ाई जाती थी। बाद में मिट्टी के बरतन बनाए जाने लगे।

2. मानवीय नस्लों का दो स्पष्ट श्रेणियों में विभाजन—

(1) पूर्वी, जो पशुपालन करते थे और जिनके पास अनाज था।

(2) पश्चिमी, जिनके पास सिर्फ 'अन्न' था।

2. मध्य अवस्था—

1. (अ) पश्चिमी गोलाद्र्ध अर्थात् अमेरिका में वे खाद्यान्न के पौधे उगाते थे (कृषि सिंचाई) और भवन-निर्माण के लिए ईंटें पकाते थे।

Downloaded from www.PDFshala.com

(ब) पूर्वी : वे दूध और मांस के लिए पशु रखते थे। वहाँ इस अवस्था में कृषि की शुरुआत नहीं हुई थी।

3. उच्च अवस्था—

- लौह अयस्क को पिघलाना।
- लिपि का आविष्कार तथा अभिलेखों के लेखन के लिए इसका प्रयोग। इस अवस्था में खूब आविष्कार हुए। यह काल यूनानी नायकों का था।
- बड़े पैमाने पर अन्न उपजाने के लिए लोहे के हल को जानवरों से खींचा जाने लगा।
- वनों को काटकर खेती, लोहे की कुल्हाड़ी तथा फावड़े का उपयोग।
- **बड़ी उपलब्धियाँ :** (1) लोहे के उन्नत औजार, (2) धौंकनी, (3) हाथ चक्की, (4) कुम्हार का चाक, (5) तेल और मदिरा तैयार करना, (6) धातुओं को आकार देना, (7) चौपहिया गाड़ी और रथ, (8) पानी के जहाज का निर्माण,

Downloaded from www.PDFshala.com



9. Artistic Architecture, 10. Towns and forts built.
11. Homeric Epochs and Entire mythology.

With these attainments Greeks enter the third stage the 'Civilization'.

To sum up:—

1. Savagery — time of predominating appropriation of finished natural products; human ingenuity invents mainly tools useful in assisting this appropriation.

2. Barbarism:— time of acquiring knowledge of cattle raising, of agriculture and of new methods for increasing the productivity of nature by human agency.

3. Civilization:— Time of learning a wider utilization of natural products, of manufacturing and of art.

—— : o : ——

"We have, then, three main forms of the family corresponding in general to the three main stages of human development.

1. For savagery, group marriage
2. For barbarism the pairing family
3. For civilization, monogamy supplemented by adultery and prostitution. Between the pairing family and monogamy, in the higher stage of barbarism, the rule of men over female slaves and polygamy is inserted.

pp. 90

(9) कलाकृतिपूर्ण वास्तु, (10) नगर और दुर्ग-निर्माण, (11) होमर युगारंभ और संपूर्ण मायथोलॉजी

इन उपलब्धियों के साथ यूनानियों ने तीसरी अवस्था 'सभ्यता' में प्रवेश किया।

सार-संक्षेप—

1. **असभ्यता :** वह समय, जब तैयार प्राकृतिक उत्पादों को मुख्य रूप से उपयोग में लाया जाता था; मानव ने अपनी बुद्धि से इन्हें प्राप्त करने में सहायक औजारों का निर्माण किया।

2. **बर्बरता :** पशुपालन, कृषि और मानव के द्वारा प्रकृति की उत्पादकता में वृद्धि के नए तरीकों को जानने का समय।

3. **सभ्यता :** प्राकृतिक उत्पादों के अधिक व्यापक उपयोग, विनिर्माण और कलाओं को सीखने का समय

—— : * : ——

"मानव विकास की इन तीन प्रमुख अवस्थाओं के अनुरूप परिवार के तीन मुख्य रूप रहे—

Downloaded from www.PDFshala.com

1. असभ्यता की अवस्था में, सामूहिक विवाह
2. बर्बर अवस्था में, युगल परिवार
3. सभ्य अवस्था में, एक-विवाह। इसमें व्यभिचार और वेश्यावृत्ति भी होने लगी। युगल परिवार और एक-विवाह के बीच, बर्बरता की उच्च अवस्था में महिला दासियों पर पुरुषों की सत्ता तथा बहुविवाह भी होते रहे।

Downloaded from www.PDFshala.com


Defects of marriage

Especially a long engagement is in nine cases out of ten a perfect training school of adultery. PP.91

Socialist Revolution and marriage Institution!

We are now approaching a social revolution, in which the old economic foundations of monogamy will disappear just as surely as those of its complement, prostitution. Monogamy arose through the concentration of considerable wealth in one hand — a man's hand — and from the endeavour to bequeath this wealth to the children of this man to the exclusion of all others. This necessitated monogamy on the woman's, but not on the man's part. Hence this monogamy of women in no way hindered open or secret polygamy of men.

Now the impending social revolution will reduce this whole care of inheritance to a minimum by changing at least the overwhelming part of permanent and inheritable wealth — the means of production — into social property. Since monogamy was caused by economic conditions, will it disappear when these causes are abolished?

PP.91

विवाह के दोष

दस में से नौ मामलों में, विशेषकर लंबे समय तक साथ रहने से यह व्यभिचार की परिपूर्ण प्रशिक्षण शाला बन जाता है। *(पृष्ठ-91)*

सामाजिक क्रांति और विवाह संस्था

अब हम एक ऐसी सामाजिक क्रांति की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें एक विवाह की पुरानी आर्थिक बुनियादें इसकी पूरक वेश्यावृत्ति की तरह ही विलुप्त हो जाएँगी। एक विवाह की शुरुआत काफी धन-संपत्ति के एक ही

Downloaded from www.PDFshala.com

हाथ में, एक व्यक्ति के हाथ में जाने तथा उस व्यक्ति द्वारा यह संपत्ति अपनी ही संतानों को देने के कारण हुई। इससे स्त्री के लिए एक विवाह आवश्यक हो गया, लेकिन पुरुष के साथ ऐसा नहीं हुआ। लिहाजा महिलाओं के इस एक-पति विवाह से पुरुषों के खुले अथवा गुप्त बहु-पत्नी विवाह पर किसी भी तरह रोक नहीं लगी।

अब आनेवाली सामाजिक क्रांति से विरासत का पूरा मसला ही बदल जाएगा, क्योंकि स्थायी और विरासत में दी जानेवाली धन-संपदा, उत्पादन का साधन सामाजिक संपत्ति बन जाएगा। चूँकि एक-पति विवाह का कारण आर्थिक स्थितियाँ थीं, अत: क्या इसके कारण समाप्त हो जाने पर यह विलुप्त हो जाएगा? *(पृष्ठ-91)*

Downloaded from www.PDFshala.com

"Ah, my Beloved, fill the Cup that clears
To-day of past Regrets and future Fears —
To-morrow? — Why, To-morrow I may be
Myself with Yesterday's Sev'n Thousand Years.

—— : o : ——

Here with a Loaf of Bread beneath the Bough,
A Flask of Wine, a Book of verse — and Thou
Beside me singing in the Wilderness —
And Wilderness is Paradise enow.

—— : o : —— "Umar Khayyam"

State :— The State presupposes a public power of coercion seperated from the aggregate body of its members. (Engels) PP. 116

Origin of State :— ..... Degeneration of the old feuds between tribes to regular mode of existing by systematic plundering on land and sea for the purpose of acquiring cattle, slave, and treasures. In short wealth is praised and respected as the highest treasure, and the old gentile institutions are abused in order to justify the forcible robbery of wealth. Only one thing was missing: an institution that not only secured the newly acquired property of private individuals against the communistic traditions of the gens, that not only declared as sacred the formerly so despised private property and represented the protection of this sacred property as the highest purpose of human society, but that also stamped the gradually developing new forms of acquiring property of constantly increasing wealth with the universal function of the society: An institution

P.T

Downloaded from www.PDFshala.com

मेरे महबूब, तू आकर ये मेरा जाम तो भर दे
जो मुझे माजी औ' कल के दु:खों से परे कर दे
इक कल का ही दिवस क्यों कल होंगे मेरे साथ
हजारों बीते हुए साल, गमों-दर्दों-अलम परदे

—————————— : ✻ : ——————————

शुगल-ए-मयनोशी का सामाँ हो, बियाबाँ की बहार
लौ-ए-जज्बात हो हेजान में मैदाँ का गुबार
दिलसबा जीनत-ए-हलू हो कोई जाम बदस्त
ताए-ए-सुल्तीनी भी इस ऐश पे कर दूँ मैं निसार

—उमर खय्याम

राज्य

राज्य में जोर-जबरदस्ती करने की राजकीय शक्ति होती है, जो इसके सदस्यों के संपूर्ण समूह से पृथक् होती है। [*एंगेल्स (पृष्ठ-116) नोट : एंगेल्स की रचना परिवार व्यक्तिगत संपत्ति और राज्य सत्ता की उत्पत्ति*]

राज्य की उत्पत्ति

जनजातियों के बीच पुराने झगड़ों का विकृत रूप—मवेशी, गुलामों तथा खजानों को हथियाने के लिए जमीन और समुद्र पर बाकायदा लूट। संक्षेप में, दौलत की सबसे ज्यादा तारीफ और इज्जत की जाती है और दौलत की जबरदस्ती लूट को सही ठहराने के लिए सामान्य जन की पुरानी संस्थाओं का बेजा इस्तेमाल किया जाता है—एक ऐसी संस्था, जिसने ईमानदार लोगों की सामुदायिक परंपरा के विरुद्ध निजी व्यक्तियों की नई हासिल संपत्ति को न केवल हथिया लिया, जिसने न केवल पूर्व में तिरस्कृत निजी संपत्ति को पवित्र घोषित कर दिया और इस पवित्र संपत्ति की रक्षा को मानव समाज का सबसे बड़ा मकसद बना दिया, बल्कि जिसने क्रमिक रूप से बढ़ते तरीकों को समाज की सामान्य स्वीकृति से सही भी घोषित कर दिया।

Downloaded from www.PDFshala.com


Origin of the State :- that lent the character of perpetuity not only to the newly rising division into classes, but also to the right of the possessing classes to exploit and rule the non-possessing classes. And this institution was found. The State arose.
Pp 129—130.

Definition of Good Government
"Good government can never be a substitute for self-government."
"Henry Campbell Bannerman"

"We are convinced that there is only one form of Government, whatever it may be called, namely, where the ultimate control is in the hands of the people."
"Earl of Balfour"

Religion
"My own view of religion is that of Lucretius. I regard it as a disease born of fear, and as source of untold misery to the human race. I can not however deny that it has made some contributions to civilization. It helped in early days to fix the calendar and it caused the Egyptian priest to chronicle eclipses with such care that in time they became able to predict them. These two services I am prepared to acknowledge, but I do not know of any other."
Bertrand Rus-

राज्य की उत्पत्ति

एक संस्था, जिसने वर्गों के बीच नए रूप से बढ़ते विभाजनों को न केवल स्थायी स्वरूप दे दिया, बल्कि जिन वर्गों के पास दौलत है, उन्हें दौलतहीन वर्गों के शोषण का अधिकार भी दे दिया। और यह संस्था मजबूत थी। राज्य की उत्पत्ति। *(पृष्ठ-129-130)*

——————— : * : ———————

अच्छी सरकार की परिभाषा

"अच्छी सरकार कभी भी स्व-शासन का विकल्प नहीं हो सकती।"

—हैनरी कैंपबेल बेनरमैन

Downloaded from www.PDFshala.com

"हम आश्वस्त हैं कि सरकार का सिर्फ एक रूप है, जिसे कुछ भी नाम दिया जाए, लेकिन इसमें मूल नियंत्रण लोगों के हाथों में होता है।"

—अर्ल ऑफ बालफौर

धर्म

"धर्म के विषय में मेरा अपना विचार ल्यूक्रेशियस है। मैं इसे भय से उत्पन्न बीमारी और मानव जाति के अकथनीय कष्टों की जड़ मानता हूँ। बहरहाल, मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि इसने सभ्यता के विकास में कुछ योगदान किया है। इसने प्रारंभिक अवस्था में कलेंडर निर्धारित करने में मदद की और इसने मिस्र के पुरोहितों को ग्रहणों का वृत्तांत इतनी दक्षता से तैयार करने में मदद की कि एक समय वे इसका पूर्वानुमान करने में समर्थ हो गए। मैं इन दो सेवाओं को मान्य करने के लिय तैयार हूँ। उसकी किसी अन्य सेवा के बारे में मुझे नहीं पता।"

—बर्ट्रेंड रसेल

(नोट : महान् गणितज्ञ और दार्शनिक बर्ट्रेंड आर्थर विलियम रसेल (1872-1972))

Downloaded from www.PDFshala.com



Benevolent despotism.

Montague Chelmsford called the British Government a 'benevolent despotism' and according to Ramsay Macdonald, the imperialist leader of the British Labour Party, in all attempts to govern a country by a 'benevolent despotism' the governed are crushed down. They become subjects who obey, not citizens who act. Their literature, their art, their spiritual expression go.

Govt of India:

Rt. Hon. Edwin S. Montagu, Secretary of State for India, said in the House of Commons in 1917:—

"The Government of India is too wooden, too iron, too inelastic, too antediluvian, to be of any use for modern purposes. The Indian Govt is indefensible."

British Rule in India:

Dr. Rutherford's words:—

"British Rule as it is carried on in India is the worst and most immoral system of government in the world — the exploitation of one nation by another!"

Liberty & English people:

"The English people love liberty for them selves. They hate all acts of injustice, except those which they themselves commit. They are such liberty-loving people that they interfere in the Congo and cry 'Shame' to the Belgians. But they forget their heel is on the neck of India."

An Irish Author

परोपकारी निरंकुशता

मोंटेग-चेम्सफोर्ड ने ब्रिटिश सरकार को एक 'परोपकारी निरंकुशता' कहा और ब्रिटिश लेबर पार्टी के साम्राज्यवादी नेता रेम्जे मैक्डोनॉल्ड के अनुसार, यह देश को 'परोपकारी निरंकुशता' के साथ चलाने की हरचंद कोशिश करती है, जिसमें शासित लोगों को कुचला जाता है। "वे हुक्म मानने वाली प्रजा बन जाते हैं, कार्य करनेवाले नागरिक नहीं। उनका साहित्य, उनकी कला, उनकी आध्यात्मिक अभिव्यक्ति खो जाती है।"

————————— : ✻ : —————————

भारत सरकार

सेक्रेटरी ऑफ स्टेट फॉर इंडिया रिटा. माननीय एड्विन एस. मोनटेग ने 1917 में हाउस ऑफ कॉमंस में कहा —"भारत सरकार इतनी धूर्त, इतनी सख्त, इतनी गैर-लचीली, इतनी पुरातनपंथी है कि यह आधुनिक उद्देश्यों को पूरा करने में उपयोगी हो ही नहीं सकती। भारत सरकार समर्थन के योग्य नहीं है।"

भारत में ब्रिटिश शासन

Downloaded from www.PDFshala.com

डॉ. रुदफोर्ड के शब्दों में—"भारत में ब्रिटिश शासन जैसे चलाया जा रहा है, वह दुनिया में सरकार की सबसे निकृष्ट और सबसे अनैतिक प्रणाली 'एक राष्ट्र द्वारा दूसरे का शोषण' है।"

आजादी और अंग्रेज

"अंग्रेज आजादी को स्वयं अपनी खातिर ही प्यार करते हैं। वे अन्याय की सभी काररवाइयों से घृणा करते हैं, सिवाय उनके जो वे स्वयं करते हैं। वे ऐसे आजादी प्रेमी लोग हैं कि कांगो में दखलंदाजी करते हैं और बेल्जियनों पर 'शर्म-शर्म' चिल्लाते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि उनकी एड़ियाँ भारत की गरदन पर हैं।"

—एक आयरिश लेखक

(नोट : जेम्स रेम्जे मैक्डोनॉल्ड (1866-1937) ब्रिटिश राजनयिक और ब्रिटिश लेबर पार्टी का संस्थापक सदस्य, 1923-24 तथा 1929-35 में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री रहा।)

Downloaded from www.PDFshala.com

Mob Retaliation

. . . Let us therefore examine how men came by the idea of punishing in this manner.

They learn it from the Governments they live under, and retaliate the punishment they have been accustomed to behold. The heads stuck upon spikes, which remained for years upon Temple Bar, differed nothing in the horror of the scene from those carried about upon spikes at Paris; yet this was done by the English Govt. It may perhaps be said that it signifies nothing to a man what is done to him after he is dead; but it signifies much to the living; it either tortures their feelings or hardens their hearts, and in either case it instructs them how to punish when power falls into their hands. . . .

Lay then the axe to the root, and teach Governments humanity. It is their sanguinary punishments which corrupt mankind. . . . The effect of those cruel spectacles exhibited to the populace is to destroy tenderness or excite revenge; and by the base and false idea of governing men by terror instead of reason, they become precedents.

[Rights of Man. PP. 32, T. Paine]

जन प्रतिशोध

Downloaded from www.PDFshala.com

लिहाजा हमें यह समझना चाहिए कि इस तरह सजा देने का विचार मनुष्यों में कैसे आया?

वे उसे उन्हीं सरकारों से सीखते हैं, जिसके अंतर्गत वे जी रहे होते हैं, बदले में वही सजा देते हैं, जिसको भोगने के वे आदी हो चुके होते हैं। उसी तरह प्रतिशोध लेते हैं। शूल पर टँगे कटे हुए सिर कई वर्षों तक टेंपिल बार बने रहे। यह खौफनाक मंजर किसी भी तरह उस मंजर से अलग नहीं था, जो पेरिस में हुआ था; फिर भी ब्रिटिश सरकार ने किया। शायद उसके लिए यह कोई मायने नहीं रखता, लेकिन जिंदा लोगों के लिए यह मायने रखता है। इससे या तो उनकी भावनाएँ आहत होती हैं या उनके दिल मजबूत हो जाते हैं। दोनों ही हालात में उन्हें यह सीख मिलती है कि जब उनके हाथ में ताकत आए तो सजा किस तरह दी जानी चाहिए।

इसकी जड़ को काटिए और सरकारों को इनसानियत सिखाइए। उसकी ये खूँरेज सजाएँ, जो मानव जाति को कलंकित करती हैं, लोगों के सामने रखे गए ये बेदर्दी के मंजर उनकी कोमलता को नष्ट करते हैं अथवा उनमें प्रतिशोध की भावना जगाते हैं, और विवेक की बजाय आतंक के जरिए शासन करने का नीच और झूठा विचार उनके लिए नजीर बन जाता है।

(राइट्स ऑफ मैन (पृ. 32) टी. पेन)



Monarch and Monarchy :

It was not against Louis XVI; but against the despotic principles of government, that the Nation revolted. The principles had not their origin in him, but in the original establishment, many centuries back; and they were become too deeply rooted to be removed, and the Augean stable of parasite and plunderers too abominably filthy to be cleansed, by anything short of a complete revolution. When it becomes necessary to do a thing, the whole heart and soul should go into the measure, or not attempt it . . . . The Monarch and the Monarchy were distinct and seperate things; and it was against the despotism of the former, that the revolt commenced and the Revolution has been carried. PP. 19.

Natural & Civil rights :

Man did not enter into society to become worse than he was before, but to have those rights better secured. His natural rights are the foundation of all his civil rights.

Natural rights are those which appertain to man in right of his existance. (intellectual - mental etc.)

Civil rights are those that appertain to man in right of his being a member of society.

PP. 44

राजा और राजतंत्र

राष्ट्र ने क्रांति लुई सोलहवें के खिलाफ नहीं, बल्कि शासन के निरंकुश सिद्धांतों के खिलाफ की थी। इन सिद्धांतों की उत्पत्ति उसने नहीं, बल्कि सदियों पहले मूल व्यवस्था में हुई थी। इसकी जड़ें इतनी गहरी हो गईं कि

Downloaded from www.PDFshala.com

उन्हें हटाना संभव नहीं था। परजीवी (वियों) और लुटेरों के ऑजियन स्टेबल इतने ज्यादा गंदे हो गए थे कि उन्हें सिर्फ पूर्ण क्रांति से ही साफ किया जा सकता था। जब कुछ करना आवश्यक हो जाता है, तो इसमें पूरे मन और आत्मा को लगाया जाना चाहिए या फिर उसे करना ही नहीं चाहिए—राजा और राजतंत्र विशिष्ट और अलग-अलग चीजें थीं, और यह क्रांति राजा के व्यक्तित्व और सिद्धांतों के विरुद्ध हुई थी।

(पृ. 19)

——————— : * : ———————

प्राकृतिक और नागरिक अधिकार

मनुष्य समाज में इसलिए नहीं आया कि वह पहले से भी बदतर हो जाए, बल्कि इसलिए आया कि उसके अधिकार बेहतर तरीके से सुरक्षित हो जाएँ। उसके प्राकृतिक अधिकार उसके सभी नागरिक अधिकारों की बुनियाद हैं।

प्राकृतिक अधिकार उसके अस्तित्व के अधिकार से संबंधित हैं (बौद्धिक-मानसिक आदि)।

नागरिक अधिकार वे हैं, जिनका संबंध मनुष्य के समाज का सदस्य होने से है।

(पृ. 44)

Downloaded from www.PDFshala.com

6 King's Salary:—

It is inhuman to talk of a million sterling a year, paid out of the public taxes of any country, for the support of an individual, whilst thousands who are forced to contribute thereto, are pining with want and struggling with misery. Govt. does not consist in a contrast between prisons and palaces, between poverty and pomp; it is not instituted to rob the needy of his mite and increase the wretchedness of the wretched.

P. 204

—— : o : ——

"Give me liberty or death"

"It is in vain, Sir, to extenuate the matter. Gentlemen may cry, peace, peace — but there is no peace. The war is actually begun. The next gale that sweeps from the North to our ears the clash of resounding arms. Our brethren are already in the field. Why stand we here idle? What is it that gentlemen wish? What would they have? Is life so dear or peace so sweet as to be purchased at the price of chains and slavery. Forbid it, almighty God! I know not what course others may take; as for me, give me liberty or death."

Patrick Henry.

—— : o : ——

Right of labour. — "Whoever produces anything by weary labour, does not need a revelation from heaven to teach him that he has a right to the thing produced."

Robert G. Ingersoll

राजा का वेतन

एक व्यक्ति के भरण-पोषण के लिए किसी देश के सार्वजनिक टैक्सों में से दस लाख स्टर्लिंग सालाना देने की बात करना अमानवीय है, जबकि हजारों लोग, जो इसमें योगदान करने के लिए मजबूर किए जाते हैं, अभाव से त्रस्त और बदहाली से जूझ रहे हैं। सरकार जेलों और राजमहलों के बीच या कंगाली और शान-शौकत के बीच किसी समझौते के रूप में नहीं होती; यह इसलिए नहीं गठित की जाती कि जरूरतमंद से उसकी दमड़ी भी लूट ली जाए और खस्ताहालों की दुर्दशा और बढ़ा दी जाए। (पृ. 204)

——————— : * : ——————————

मुझे आजादी दो या मौत

"श्रीमान, इस बात के महत्त्व को कम करना फिजूल है। सरकार 'अमन, अमन' भले ही चिल्लाती हो, लेकिन अमन नहीं है। वास्तव में जंग शुरू हो चुकी है। उत्तर की ओर से आनेवाली झंझा से हमारे कानों में हथियारों की टकराहट की तेज आवाज सुनाई देती है। हमारे भाई मैदाने-जंग में हैं। हम यहाँ बेकार क्यों खड़े हैं? आखिर ये भले मानुष चाहते क्या हैं? उन्हें क्या मिलेगा? क्या जिंदगी इतनी प्यारी या अमन इतनी अच्छी चीज है कि जिसे जंजीरों तथा गुलामी की कीमत पर खरीदा जाए? हे परमात्मा! इसे रोको। मुझे नहीं पता कि दूसरे क्या रास्ता अख्तियार करेंगे? जहाँ तक मेरा सवाल है, तो मुझे आजादी दो या मौत।"

—पैट्रिक हेनरी

——————— : * : ——————————

श्रम का अधिकार

"जो कोई भी कठिन श्रम से कोई चीज पैदा करता है, उसे यह बताने के लिए खुदा के किसी पैगाम की जरूरत नहीं कि पैदा की गई चीज पर उसी का अधिकार है।"

—रॉबर्ट जी. इंगरसोल

नोट : पैट्रिक हेनरी (1736-1790) : अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं में से एक प्रखर वक्ता और सांसद।)

Downloaded from www.PDFshala.com


"We consider it horrible that people should have their heads cut off, but we have not been taught to see the horror of life-long death which is inflicted upon a whole population by poverty and tyranny." Mark Twain

Anarchists:
". . . . The Anarchists and the apostles of insurrection are also represented; and if some of the things seem to the reader the mere unchaining of furies, I would say, let him not blame the faithful anthologist, let him not blame even the writer — let him blame himself, who has acquiesced in the existence of conditions which have driven his fellowmen to extremes of madness and despair."
Upton Sinclair - Preface 19
Cry for Justice

The Old Labourer:
". . . He (the old labourer out of employment) was struggling against age, against nature, against circumstances; the entire weight of society, law and order pressed upon him to force him to lose his self-respect and liberty. . . . He knocked at the doors of the farms and found good in man only — not in law and order, but in individual man alone."
Richard Jefferies. 80.

"हम इसे भयानक मानते हैं कि लोगों के सिर कट जाएँ, लेकिन हमें उस मृत्यु के खौफ के बारे में नहीं बताया गया है, जो गरीबी और अत्याचार द्वारा व्यापक आबादी पर थोप दी गई है।"

—मार्क ट्वेन

: * :

अराजकतावादी

" ··· अराजकतावादियों तथा बगावत के उपदेशकों का भी प्रतिनिधित्व है; अगर पाठकों को कुछ चीजें उन्माद फैलाने वाली लगती हैं, तो मैं यही कहूँगा कि उन्हें इसके लिए आस्थावान संकलनकर्ता (anthologist) को दोष नहीं देना चाहिए, और लेखक को भी नहीं। उसे खुद को दोष देना चाहिए, जिसने ऐसी परिस्थितियों को

Downloaded from www.PDFshala.com

खामोश रहकर स्वीकारा, जिनके चलते उसके देश-समाज के लोग पागलपन और निराशा की चरम सीमा पर जा पहुँचे हैं।”

—यूटोपियन सिंक्लेयर,
प्रीफेस क्राई फॉर जस्टिस *(पृ. 19)*

————————— : ✻ : —————————

बूढ़ा मजदूर

“ ⋯ वह (बेरोजगार बूढ़ा मजदूर) अपनी उम्र, कुदरत और हालात से कशमकश कर रहा था। समाज, कानून और व्यवस्था के बोझ ने उसकी खुद्दारी और आजादी छीन ली ⋯ उसने किसानों का दरवाजा खटखटाया और उसे सिर्फ वहाँ भला आदमी मिला (वह सिर्फ मनुष्य में ही अच्छाई पा सका)—न कानून में, न व्यवस्था में, बल्कि सिर्फ व्यक्ति में।”

—रिचर्ड जेफरीज- II

Downloaded from www.PDFshala.com



8 Poor Labourers:

" . . . And we, the men who braved this task, were out-casts of the world. A blind fate, a vast merciless mechanism, cut and shaped the fabric of our existence. We were men despised when we were most useful, rejected when we were not needed, and forgotten when our troubles weighed upon us heavily. We were the men sent out to fight the spirit of the wastes, rob it of all its primeval horrors, and batter down the barriers of its world-old defences. Where we were working a new town would spring up some day; it was already springing up, and then, if one of us walked there, "a man with no fixed address," he would be taken up and tried as a loiterer and vagrant."

{From Children of the Dead End
by Patrick MacGill.
C.J. 48.

Morality:

"Morality and religion are but words to him who fishes in gutters for the means of prolonging life, and crouches behind barrels in the street for shelter from the cutting blasts of a winter night."

Horace Greeley. 128

Hunger

"It is desirable for a ruler that no man should suffer from cold and hunger under his rule. Man can not maintain his standard of morals when he has no ordinary means of living."

Kenko Hoshi Buddhist Monk
of Japan 14th Century
P. 135

गरीब मजदूर

" ··· और हम लोग, जिन्होंने इसका अंजाम देने का बीड़ा उठाया, इस दुनिया में कुजात ही रहे। एक अंधी किस्मत, एक विराट् निर्मम तंत्र ने काट-छाँटकर हमारे अस्तित्व का ढाँचा निर्धारित कर दिया। हम उस वक्त

Downloaded from www.PDFshala.com

तिरस्कृत हुए जन हम सबसे अधिक उपयोगी थे। हमें उस वक्त दुत्कार दिया गया, जब हमारी जरूरत नहीं थी और हमें उस वक्त भुला दिया गया, जब हमारे ऊपर विपत्तियों का पहाड़ टूटा हुआ था। हमें बीहड़-बंजर साफ करने के लिए उसकी सारी आदिम भयंकरताओं को दूर करने के लिए तथा उसके विश्व-पुरातन अवरोधों को छिन्न-भिन्न कर डालने के लिए भेज दिया जाता। हम जहाँ भी काम करते, वहाँ एक दिन एक नया शहर जन्म ले लेता; और जब यह जन्म ले ही रहा होता, तब यदि हममें से कोई वहाँ चला जाता, तो उसे 'बिना निश्चित पते का आदमी' कहकर पकड़ लिया जाता और सिरफिरा-आवारा कहकर उस पर मुकदमा चलाया जाता।"

—'चिल्ड्रन ऑफ दि डेड एंड' से
पेट्रिक मेकगिल सी.जे.

: * :

नैतिकता

"उस शख्स के लिए नैतिकता और धर्म महज अल्फाज हैं, जो जिंदगी चलाने के लिए नालियों में से मछली पकड़ता है, और सर्द रात के ठंडे झोंकों से बचने के लिए गली में रखे बैरल्स के पीछे सिकुड़ जाता है।"

—होरेस ग्रीले

((पृ. 128) नोट : अमेरिकी पत्रकार और राजनीतिज्ञ होरेस ग्रीले (1811-1872))

: * :

भूख

"किसी हुक्मरां से यह उम्मीद की जाती है कि उसकी हुकूमत में कोई भी ठंड और भूख से पीड़ित न हो। आदमी के पास जब जिंदगी के लिए जरूरी मामूली चीजें भी न हों तो वह नैतिकता के मापदंड कैसे कायम रख सकता है?"

—कोंको होशी, बौद्ध भिक्षु
जापान, 14वीं शताब्दी

: * :

Downloaded from www.PDFshala.com

Freedom :—   18

Men! whose boast it is that ye
Come of fathers, brave and free,
If there breathe on earth a slave,
Are ye truly free and brave?
If you do not feel the chain
When it works a brother's pain,
Are ye not base slaves indeed,
Slaves unworthy to be freed?

Is true Freedom but to break
Fetters for our own dear sake,
And, with leathern hearts, forget
That we owe mankind a debt?
No! True Freedom is to share
All the chains our brothers wear,
And, with heart and hand, to be
Earnest to make others free!

They are slaves who fear to speak
For the fallen and the weak;
They are slaves who will not choose
Hatred, scoffing and abuse,
Rather than in silence shrink
From the truth they needs must think;
They are slaves who dare not be
In the right with two or three.

"James Russell Lowell"

P. 89

आजादी

मनुष्य, तुम वीर और स्वतंत्र होने का करते हो दावा
यदि धरती पर एक भी गुलाम मौजूद है

Downloaded from www.PDFshala.com

तो तुम कैसे कर सकते हो यह दावा?
यदि तुम्हारे देश में आज भी गुलामी का अस्तित्व है
फिर तुम अपने सीने पर आजादी
और बहादुरी का तमगा कैसे लगा सकते हो?
क्या तुम सचमुच नीच गुलाम नहीं हो
जब तक तुम्हारे अपने भाई तकलीफ में हैं
क्या तुम आजाद होने के काबिल हो?
हमारे अपने लोगों को जंजीरों से
मुक्त कराना ही सच्ची आजादी है
हम मानव जाति के कर्जदार हैं
क्या यह भूल जाना सच्ची आजादी है?
नहीं ! सच्ची आजादी है
अपने जो लोग जंजीर में जकड़े हैं
उनका दर्द महसूस करना
और तन-मन से उन्हें मुक्त कराने में जुट जाना।
गुलाम वे हैं, जो
मजलूमों और कमजोरों के हक में बोलने से डरते हैं,
गुलाम वे हैं, जो
नफरत, उपहास और गाली का
सामना करने के बजाय
सिकुड़े हुए चुपचाप बैठे रहते हैं।
गुलाम हैं वे, जो गलत होने के
बावजूद होंगे बहुमत में
बजाय सही होने के बावजूद अल्पमत में।

—जेम्स रसेल लॉवेल (पृ. 189)

नोट : जेम्स रसेल लॉवेल, अमेरिकी कवि, निबंकार और संपादक (1819-91)

——————— : * : ———————

Downloaded from www.PDFshala.com

Full many a gem of purest ray serene
The dark unfathomed caves of ocean bear;
Full many a flower is born to blush unseen,
And waste its sweetness on the desert air.

—— : o : ——

Invention:—

Hitherto it is questionable if all the mechanical inventions yet made have lightened the day's toil of any human being.

J. S. Mill P. 199

—— : o : ——

Alms:—

"There is no one on earth more disgusting and repulsive than he who gives alms. Even as there is no one so miserable as he who accepts them."

Maxim Gorky.
P. 204

—— : o : ——

Liberty:—

Those corpses of young men,
Those martyrs that hang from the gibbets—
those hearts pierced by the grey lead,
Cold and motionless as they seem, live elsewhere
with unslaughter'd vitality.
They live in other young men, O kings!
They live in brothers again ready to defy you!
They were purified by death— they were taught
and exalted.

सागर की अतल गुफाओं की गहराई में
प्रशांत पवित्रतम रश्मियों की अनंत मणियाँ भरी पड़ी हैं
अदृश्य लालिमा से अनंत फूल खिलते हैं
और रेगिस्तान की हवा में अपनी सुरभि खो देते हैं।

——————— : * : ——————

आविष्कार

Downloaded from www.PDFshala.com

अभी तक यह प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या अभी तक जिन यंत्रों का आविष्कार हुआ है, उनसे किसी मनुष्य की मेहनत में कमी आई है।"

—जे.एस. मिल (पृ. 199)

भीख

"धरती पर कोई भी व्यक्ति उस व्यक्ति से अधिक नफरत के काबिल और हमदर्दी के नाकाबिल नहीं है, जो भीख देता है। उससे भी ज्यादा कोई अधर्मी नहीं है, जो उसे स्वीकार करता है।"

—मैक्सिम गोर्की (पृ. 204)

: * :

स्वतंत्रता (Liberty)

उन युवाओं के शव,
वे शहीद, जो फाँसी पर झूल गए
वे हृदय, जो धूसर सीसे से छिद गए
वे भले ही ठंडे और बेजान दिखाई दें,
वे कहीं और जीवित रहते हैं
जीवित, जीवंत।
हे राजा! वे फिर से तुम्हें ललकारने
दूसरे युवाओं में जिंदा रहते हैं,
मृत्यु ने उन्हें कर दिया है पवित्र—
शिक्षित और गौरवान्वित!

नोट : 1. जान स्टुअर्ट मिल, अंग्रेज निबंधकार और उदारवादी दार्शनिक (1803-73)
2. मैक्सिम गोर्की, प्रसिद्ध रूसी सर्वहारा क्रांतिकारी लेखक।

Downloaded from www.PDFshala.com

Not a grave of the murder'd for freedom,
but grows seed for freedom, in its turn to bear seed,
Which the wind carry afar and re-sow, and the rains and the snows nourish.
Not a disembodied spirit can the weapons of tyrants let loose,
But it stalks invisibly over the earth, whispering, counselling, cautioning.

P. 268 "Walt Whitman"

: • :

Free Thought

"If there is anything that cannot bear free thought let it crack."

Wendell Phillips 271

: • :

State:—

"Away with the state! I will take part in that revolution. Undermine the whole conception of a state, declare free choice and spiritual kinship to be the only all important conditions of any union, and you will have the commencement of a liberty that is worth something."

Henrich Ibsen. 273

: • :

Oppression:—

"Surely oppression maketh a wise man mad."

P. 278

स्वतंत्रता के शहीदों की कब्र नहीं होती
उनसे उगते हैं स्वतंत्रता के बीज, फिर बीज से बीज।
जिन्हें हवा ले जाती है दूर और पुन: बो देती है,
वर्षा और बर्फ उनका करते हैं पोषण।
जालिम का कोई हथियार उसे मार नहीं सकता,
उसकी आत्मा धरती पर विचरती है अजेय

Downloaded from www.PDFshala.com

फुसफुसाती, परामर्श देती, खबरदार करती!

—वाल्ट ह्विट्मैन (पृ. 268)

———————— : ✻ : ————————

मुक्त चिंतन

"हर उस चीज पर करारी चोट पड़नी चाहिए, जो मुक्त चिंतन को सहन नहीं कर सकती।"

—वेंडेल फिलिप्स (पृ. 271)

———————— : ✻ : ————————

राज्य

"राज्य से दूर! मैं उस क्रांति में शामिल होऊँगा। राज्य की संपूर्ण धारणा की जड़ खोदी जाने दो, मुक्त विकल्प और आध्यात्मिक धारणा को किसी भी संघ की सबसे महत्त्वपूर्ण स्थिति बनने दो, और तब उस मुक्ति की शुरुआत होगी, जिसका कोई मोल है।"

—हेनरिक इब्सन (पृ. 273)

———————— : ✻ : ————————

दमन

"बेशक दमन किसी समझदार को पागल बना देता है।"

नोट : 1. वॉल्ट ह्विटमैन (1819-92) : प्रसिद्ध अमेरिकी कवि।

2. विंडेल फिलिप्स (1811-1884) : अमेरिकी वक्ता, सुधारक और दासता विरोधी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता।

3. हेनरिक इब्सन (1882-1906) : नॉर्वे के प्रसिद्ध नाटककार।

Downloaded from www.PDFshala.com

Martyr! —

The man who flings his whole life into attempt, at the cost of his own life, to protest against the wrongs of his fellow men, is a saint compared to the active and passive upholders of cruelty and injustice, even if his protest destroys other lives besides his own. Let him who is without sin in society cast the first stone at such an one. P. 287

Lower Class

While there is a lower class, I am in it.
While there is a criminal element, I am of it.
While there is a soul in jail, I am not free.

Eugene V. Debs.
144

One against all — [Charles Fourier 1772-1837]

The present social order is a ridiculous mechanism, in which portions of the whole are in conflict and acting against the whole. We see each class in society desire, from interest, the misfortune of the other classes, placing in every way individual interest in opposition to public good. The lawyer wishes litigation and suits, particularly among the rich; the physician desires sickness. (The latter would be ruined if everybody died without disease, as the former would if all quarrels were settled by arbitration.) The soldier wants a war, which will carry off half of his comrades and secure him promotion; the undertaker wants burials; monopolists and forestallers want famine, to double or treble the price of grain; the architect, the carpenter, the mason, want conflagration, that will burn down a hundred houses to give activity to their branches of business.

P. 202

शहीद

Downloaded from www.PDFshala.com

वह शख्स, जो अपने लोगों द्वारा की जानेवाली नाइनसाफियों के खिलाफ जिंदगी लगा देता है, अपनी जिंदगी की भी बाजी लगा देता है, वह संत है, उस शख्स की तुलना में, जो बेरहमी और नाइनसाफी का सक्रिय और निष्क्रिय समर्थन करता है, भले ही उसके विरोध से उसकी अपनी जिंदगी के साथ-साथ अन्य जिंदगियाँ भी क्यों न नष्ट हो जाती हों। ऐसे व्यक्ति पर पहला पत्थर मारने का हकदार वही हो सकता है, जिसने कभी कोई पाप न किया हो। (पृ. 287)

निम्न वर्ग

जब तक निम्न वर्ग है, मैं उसमें हूँ।
जब तक कोई मुजरिम है, मैं उसमें हूँ।
जब तक कोई जेल में बंदी है, मैं मुक्त नहीं हूँ।

—यूजीन बी. डेस (पृ. 144)

———————— : * : ————————

एक बनाम सब

(चार्ल्स फाउरियर : 1772-1837)

मौजूदा सामाजिक व्यवस्था एक हास्यास्पद संरचना है, जिसमें संपूर्ण के अंश इस संपूर्ण के विरुद्ध एक टकराव में सक्रिय हैं। हम समाज के हर एक वर्ग में लालसा देखते हैं, जिसकी इच्छा रहती है कि अन्य वर्गों का बुरा हो। 'सर्वजन हिताय' की जगह हर तरह से अपने हित को ऊपर रखा जाता है। वकील चाहता है कि मुकदमे और नालिश हों, 'खासकर पैसेवालों' के बीच; चिकित्सक चाहता है कि बीमारियाँ हों (यदि हर व्यक्ति बीमारी के बिना मर जाएगा, तो चिकित्सक बरबाद हो जाएगा, और अगर सभी झगड़े समझौते से निपट गए, तो वकील बरबाद हो जाएगा)। फौजी जंग चाहता है, जिसमें उसके आधे साथी मारे जाएँ और उसकी पदोन्नति हो जाए; अंत्येष्टि कराने वाला कफन-दफन की कामना करता है। एकाधिकारवादी और जमाखोर अकाल चाहते हैं, ताकि अनाज की कीमत दोगुनी या तिगुनी हो जाए। वास्तुविद्, बढ़ई, राजगीर अग्निकांड चाहते हैं, ताकि सैकड़ों घर जल जाएँ और उन्हें काम मिले।

———————— : * : ————————

नोट : 1. यूजीन डेब्स (1855-1926) : अमेरिकी समाजवादी नेता।
2. फ्रांस्वा मेरी चार्ल्स फूरिए (1772-1837) : फ्रांसीसी समाजवादी लेखक।

Downloaded from www.PDFshala.com



New gospel

"Society can overlook murder, adultery or swindling; it never forgives the preaching of a new gospel." P.327 Frederic Harrison

Tree of liberty

The tree of liberty must be refreshed from time to time with the blood of patriots and tyrants. It is its natural manure.
Thomas Jefferson. 332

: • :

Chi. Martyrs—

Say, then, that the man erred grievously; if his error had been ten times as great, it ought to have been wiped from human recollection by his sacrifice . . .

Granted freely that their idea of the best manner of making a protest was utterly wrong and impossible, granted that they went not the best way to work. But what was it that drove them into attack against the social order as they found it? They and thousands of other men that stood with them were not bad men, nor depraved, nor bloodthirsty, nor hardhearted, nor criminal, nor selfish, nor crazy. Then what was it that made them so bitter and desperate . . .

No one ever contemplates the simple fact that men do not band themselves together to make a protest without the belief that they have something to protest about, and that in any organized state of society a widespread protest is something for grave inquiry.
Charles Edward Russell. 333.

: • :

नया उपदेश

"समाज कत्ल, व्यभिचार अथवा धोखेबाजी की अनदेखी कर सकता है; यह नए उपदेश (नए सिद्धांत) को कभी माफ नहीं कर सकता।"

—**फ्रेडरिक हेरिसन** (पृ. 327)

: ✻ :

आजादी का पेड़

"आजादी के पेड़ को समय-समय पर देशभक्तों और जालिमों के खून से सींचते रहना चाहिए। यह प्राकृतिक खाद है।"

—**थॉमस जेफरसन** (पृ. 332)

: ✻ :

शिकागो के शहीद

Downloaded from www.PDFshala.com

तब कहिए कि मनुष्य ने गंभीर त्रुटि की, यदि उसकी त्रुटि उस त्रुटि से दस गुना ज्यादा है, जो उसके बलिदान के कारण मानव की स्मृति से धुल जानी चाहिए

—खुलकर मंजूर है कि विरोध करने का उनका कोई तरीका, जिसे वे सबसे अच्छा मानते थे, एकदम गलत और असंभव था। माना कि उन्होंने काम का सबसे अच्छा तरीका नहीं अपनाया। लेकिन वह क्या था, जिसने उन्हें मौजूदा सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ जाने को प्रेरित किया? वे और उनके साथ खड़े होनेवाले हजारों लोग बुरे नहीं थे, और न दुष्ट, न खून के प्यासे, न बेरहम, न मुजरिम, न खुदगर्ज, न पागल। तब वह क्या चीज थी, जिसने इतने तीखे और गहरे प्रतिवाद को उकसावा दिया?

—किसी ने कभी इस तथ्य पर विचार नहीं किया कि लोग बिना इस विश्वास के खिलाफत की ओर नहीं मुड़ते कि उन्हें किसी चीज की खिलाफत करनी है, और यह कि समाज की किसी भी संगठित स्थिति में किसी भी व्यापक विरोध की गंभीरता से पड़ताल होनी चाहिए।

—चार्ल्स एड्वर्ड रसेल (पृ. 333)

: * :

नोट : 1. फ्रेडरिक हेरिसन (1831-1923) : प्रसिद्ध विधिवेत्ता : इतिहास, राजनीति और साहित्य पर कई पुस्तकों के लेखक।

2. थॉमस जेफरसन (1743-1826) : अमेरिकी के तीसरे राष्ट्रपति, अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता और संविधान निर्माताओं में प्रमुख।

Downloaded from www.PDFshala.com



Will of A Revolu[illegible]

"I also wish my friends to speak little or not at all about me, because idols are created when men are praised, and this is very bad for the future of the human race. Acts alone, no matter by whom committed, ought to be studied, praised or blamed. Let them be praised in order that they may be imitated when they seem to contribute to the common weal. Let them be censured when they are regarded as injurious to the general well being, so that they may not be repeated.

I desire that on no occasion, whether near or remote, nor for any reason whatsoever, shall demonstrations of a political or religious character be made before my remains, as I consider the time devoted to the dead would be better employed in improving the condition of the living, most of whom stand in great need of this."

Will of Francisco Ferrer.
Spanish educator 1859-1909
Executed after the Barcelona revolts by a plot of his clerical enemies.

Charity:—

"Come follow me", said Jesus Christ to the rich young man. .. To stay in his own set and invest his fortune in works of charity, would have been comparatively easy. Philanthropy has been fashionable in every age. Charity takes the insurrectionary edge off of poverty. Therefore the philanthropic rich man is a benefactor to his fellow magnates, and is made to feel their gratitude, to him all doors of fashion swing. He denied the legitimacy of alms-giving as a plaster for the deep-lying sore in social tissue... Philanthropy as a substitute for justice — he would have none of it....

एक क्रांतिकारी की वसीयत

"मैं भी चाहता हूँ कि मेरे दोस्त मेरे बारे में बहुत कम या कुछ भी न बोलें, क्योंकि सब इनसानों की तारीफ होती है, तो नकली देवता बन जाते हैं, और यह मानव जाति के भविष्य के लिए बहुत बुरी बात है … सिर्फ काम का अध्ययन, उसकी सराहना या आलोचना की जानी चाहिए। इससे फर्क नहीं पड़ता कि उसे किसने किया? यदि वे जनहित में योगदान करनेवाले हों तो उनकी तारीफ की जाए, ताकि जनहित के किसी कार्य में योगदान के लिए उन्हें दोहराया जा सके।

यदि ये जनसामान्य के लिए नुकसानदेह माने जाएँ तो उनकी आलोचना की जाए, ताकि वे दोहराए न जाएँ।

Downloaded from www.PDFshala.com

"मेरी अपेक्षा है कि किसी भी अवसर पर, चाहे वह पास हो अथवा दूर, किसी भी कारण से मेरे अवशेषों के सामने कोई राजनीतिक प्रदर्शन अथवा धार्मिक कार्य न किए जाएँ, क्योंकि मैं मानता हूँ कि मृतकों के प्रति समर्पित किए जानेवाले समय को जिंदा लोगों के हालात सुधारने में लगाया जाना बेहतर होगा, जिनमें से ज्यादातर को इसकी जरूरत है।"

— फ्रांसिस्को फैरेर की वसीयत

स्पेनिश शिक्षक (1859-1909),
जिसे धर्म पुरोहितों द्वारा बार्सिलोना दंगों के बाद
दुश्मनीवश एक षड्यंत्र के तहत फाँसी दे दी गई।

: * :

खैरात (दान)

"मेरे पीछे आओ," ईसा मसीह ने धनी युवक को कहा, "अपनी जगह रहकर खैराती कामों में पैसा लगाना तुलनात्मक रूप से आसान परोपकारी काम हर युग में बहुत प्रचलन में रहा है। खैरात से गरीबी से उत्पन्न बगावत की धार भोथरी हो जाती है। अत: परोपकारी धनी आदमी अपने सरीखे दौलतमंदों का ही हितैषी होता है, और उन्हीं की एहसानमंदी महसूस करता है। उसके लिए सभ्य समाज के सभी दरवाजे फटाफट खुल जाते हैं। वह खैरात देने को सामाजिक टिश्यू के गहरे घाव पर प्लास्टर के रूप में मानने की बात स्वीकार नहीं करता। परोपकार को न्याय के एक विकल्प के रूप में उन्होंने कतई तरजीह नहीं दी।

Downloaded from www.PDFshala.com



25

Charity is twice cursed — it hardens him that gives and softens him that takes. It does more harm to the poor than exploitation, because it makes them willing to be exploited. It breeds slavishness which is moral suicide. The only thing Jesus would permit a swollen fortune to do was to give itself to revolutionary propaganda, in order that swollen fortunes might be forever after impossible . . .

Bouck White — Clergyman
P. 353 Born 1874 U.S.A.

Fight for Freedom

The power of armies is a visible thing
Formal, and circumscribed in time and space;
But who the limits of that power shall trace
Which a brave people into light can bring
Or hide, at will,— for freedom combating
By just revenge inflamed? No foot may chase,
No eye can follow, to a fatal place
That power, that spirit, whether on the wing
Like the strong wind, or sleeping like the wind
Within its awful caves —— from year to year
Spring this indigenous produce far and near;
No craft this subtle element can bind,
Rising like water from the soil, to find
In every nook a lip that it may cheer.
{W. Wordsworth.}

"खैरात दोहरे रूप में अभिशप्त है, इससे खैरात देने वाले की अकड़ बढ़ जाती है और लेने वाले की विनम्रता। इससे गरीबों का शोषण से ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि इससे वे शोषित होने को राजी हो जाते हैं। इससे दासता बढ़ती है, जो नैतिक आत्महत्या है। ईसा मसीह ने अथाह दौलत के लिए सिर्फ एक ही इजाजत दी थी और वह यह थी कि उसे क्रांतिकरी प्रचार के लिए समर्पित कर दिया जाए, ताकि बाद में अथाह दौलत का जमा होना ही हमेशा के लिए असंभव हो जाए।"

—बाउक व्हाइट, क्लेरगीमेन,
जन्म 1874, अमेरिका (पृ. 353)

: * :

आजादी के लिए लड़ाई

Downloaded from www.PDFshala.com

फौजी ताकत दिखाई देती है
साकार और देश-काल की परिधि में
लेकिन उस ताकत की सीमा कौन बाँधेगा?
जो बहादुर लोग प्रकाश में ला सकते हैं
अथवा इच्छानुसार छुपा सकते हैं—आजादी की लड़ाई के लिए
सिर्फ बदला लेने के लिए कदम आगे नहीं बढ़ सकते,
कोई आँख, किसी घातक स्थान तक नहीं जा सकती
वह ताकत, वह जोश भले ही हवा पर सवार हो,
झंझा की तरह, अथवा सो रहा हो मंद वायु की तरह
इसकी प्रशांत गुफाओं में साल-दर-साल
यहाँ वसंत आएगा और पास;
कोई हुनर इस सूक्ष्म तत्त्व को बाँध नहीं सकता,
मिट्टी से उठते पानी की तरह पाने के लिए
हर कोने में एक होंठ, जो कह सके वाह-वाह!

(डब्ल्यू वड्र्सवर्थ)

: * :

नोट : विलियम वड्र्सवर्थ (1750-1850) : प्रसिद्ध अंग्रेज कवि।

Downloaded from www.PDFshala.com


26 The Charge of the Light Brigade

Half a league, half a league,
Half a league onward,
All in the valley of Death
Rode the Six hundred.
'Forward the Light Brigade!
Charge for the guns!' he said;
Into the valley of Death
Rode the six hundred.

'Forward the Light Brigade!'
Was there a man dismayed?
Not, though the soldiers knew
Some one had blundered:

Their's not to make reply,
Their's not to reason why,
Their's but to do and die:
Into the valley of Death
Rode the six hundred.
Cannon to the right of them,
Cannon to the left of them,
Cannon in front of them,
Volleyed and thundered;
Stormed at with shot and shell,
Boldly they rode and well,
Into the jaws of Death,
Into the mouth of Hell
Rode the Six Hundred.
Flashed all their sabres bare,
Flashed as they turned in air
Sabring the gunners there,
Charging an army, while
All the world wondered:

: * :

लाइट ब्रिगेड का धावा

हाफ ए लीग लीग, हाफ ए लीग
हाफ ए लीग आगे
मौत की घाटी में सभी
घोड़े पर सवार छह सौ सैनिकों ने किया प्रवेश
उसने कहा, "लाइट ब्रिगेड, आगे बढ़ो!
तोपों पर धावा बोलो!"
मौत की घाटी में छह सौ

Downloaded from www.PDFshala.com

सैनिकों ने किए प्रवेश।
"आगे बढ़ो, लाइट ब्रिगेड!"
क्या किसी का जोश कम हुआ?
नहीं, हालाँकि सैनिकों को पता था
नहीं, किसी से गलती हुई।
किसी ने नहीं दिया जवाब, वजह ही नहीं थी सिर्फ करो या मरो
मौत की घाटी में छह सौ सैनिकों ने किया प्रवेश।
उनके दाईं ओर तोपें बाईं ओर तोपें, सामने तोपें
उगलतीं आग गर्जना के साथ;
उनके गोलों का सामना करते हुए
वे बहादुरी से आगे बढ़े
मौत के जबड़ों में मौत के मुँह में
छह सौ सैनिकों ने किया प्रवेश।
उन्होंने अपनी नंगी
तलवारें निकालीं
उन्हें हवा में लहराया
सामना करते हुए तोपचियों का
बढ़ते गए आगे
दुनिया उन्हें अचरज से
देखती रही
वे बैटरी के धुएँ में समा गए
पंक्ति तोड़कर सीधे चले गए
कोसेक और रशियन
चकरा गए तलवार के वार से
हो गए तितर-बितर
फिर पीछे हट गए,
लेकिन वे छह सौ सैनिक
नहीं हटे पीछे।
उनके दाईं ओर तोपें
उनके बाईं ओर तोपें
उनके पीछे तोपें
गोले बरसातीं गर्जना के साथ;
गोलियों का सामना करते हुए
जब उनका नायक और घोड़े
गिर गए
जो खूब लड़े, बखूबी लड़े
मौत के जबड़े से निकले
मौत के मुँह से बाहर आए
छह सौ सैनिकों में से
बहुत कम थे बचे।
उनका गौरव कब कम हो सकता है
उन्होंने क्या गजब धावा बोला!
पूरी दुनिया अचरज में थी
सम्मान करो उस आक्रमण का
लाइट ब्रिगेड का सम्मान करो
उन महान् छह सौ सैनिकों का!

Downloaded from www.PDFshala.com

—लॉर्ड टेनीसन

——————————— : ✻ : ——————————

दिल दे तो इस मिजाज का परवरदिगार दे
जो गम की घड़ी को भी खुशी से गुजार दे।

——————————— : ✻ : ——————————

सजाकर मय्यत-ए-उम्मीद नाकामी के फूलों से
किसी हमदर्द ने रख दी मेरे टूटे हुए दिल में

——————————— : ✻ : ——————————

छेड़ न ऐ फरिश्ते! तू जिक्र-ए-गम-ए-जाना ना
क्यों याद दिलाते हो भूला हुआ अफसाना

—————————— : * : ——————————

Downloaded from www.PDFshala.com



-8

Birth-right

We're the sons of sires that baffled
Crowned and mitred tyranny;
They defied the field and scaffold?
For their birth-rights — so will we!

[J. Campbell]

Glory of the cause

Ah! not for idle hatred, not
for honour, fame, nor self applause,
But for the glory of the cause,
You did, what will not be forgot.

[Arthur Clough]

Immortality of Soul

For you know if you can only
get a man believing in immortality
there is no more left for you to desire; you can
take everything in the world he owns — you
can skin him alive if you please — and he
will bear it with perfect good humor.

[Upton Sinclair. 403
C.G.]

A tyrant must put on the appearance of
uncommon devotion to religion. Subjects
are less apprehensive of illegal treatment
from a ruler whom they consider god-
fearing and pious. On the other hand, they
do less easily move against him, believing
that he has the gods on his side.

जन्मसिद्ध अधिकार

हम उन पुरखों की संतानें जिन्होंने जंग लड़ी और जुल्म
को खत्म कर पहना ताज उन्होंने मैदान और मचान
का लिया नहीं सहारा अपना जन्मसिद्ध अधिकार पाने—
हम भी ऐसा ही करेंगे।

—जे. कैंपबेल

: * :

आदर्श की गरिमा

आह! व्यर्थ घृणा के लिए नहीं,
सम्मान, प्रसिद्धि, आत्मप्रशंसा के लिए नहीं
अपने आदर्श की गरिमा के लिए

Downloaded from www.PDFshala.com

आपने जो किया, वह भुलाया नहीं जाएगा।

— **ऑर्थर क्लोघ**

—————————— : * : ——————————

आत्मा की अमरता

अगर आप जानते हैं कि अमरता में विश्वास रखनेवाला कोई व्यक्ति आपको एक बार मिल जाएगा, तो आपके पास कामना करने के लिए कुछ नहीं रह जाएगा; उसके पास दुनिया में जो कुछ है, वह सबकुछ आप उससे ले सकते हैं, अगर आप चाहें तो उसकी जिंदा खाल खिंचवा सकते हैं, और वह हँसते-हँसते उसे सह लेगा।

—अपटोन सिनक्लेयर , 403 सी.जे.

—————————— : * : ——————————

ईश्वर जालिम है?

एक अत्याचारी शासक के लिए जरूरी है कि वह जाहिर तौर पर धर्म में असाधारण आस्था दिखाए। जालिम को धर्म के प्रति समर्पण का बहुत अच्छा मुखौटा पहनना पड़ता है। प्रजा उस शासक के गैर-कानूनी व्यवहार पर कम शंका करती है, जिसे वह ईश्वर से डरने वाला और धार्मिक समझती है। दूसरी ओर वह उसकी खिलाफत कम करती है, यह भरोसा करते हुए कि ईश्वर उसकी तरफ है।


Soldiers Thought

"If my soldiers were to begin to reflect, not one of them would remain in the ranks." 23

[Frederick the Great] 532

The Noblest fallen

The noblest have fallen. They were buried obscurely in a deserted place.
No tears fell over them.
Strange hands carried them to the grave.
No cross, no enclosure, and no tomb stone tell their glorious names.
Grass grows over them, a feeble blade bending low keeps the secret.
The sole witness were the surging waves, which furiously beat against the shore.
But even they the mighty waves, could not carry farewell greetings to the distant home.

[V. N. Figner]

Prison

'There were no stars, no earth, no time,
No check, no change, no good, no crime,
But silence, and a stirless breath,
Which neither was of life nor death:

[The Prisoner of Chillon]

Downloaded from www.PDFshala.com

फौजी और विचार

"यदि मेरे सैनिक सोचना शुरू कर दें, तब तो उनमें से कोई भी सेना में नहीं रहेगा!"

—फ्रेडरिक दि ग्रेट *(पृ. 562)*

—— : ✻ : ——

सर्वोत्तम की मौत

जो सर्वोत्तम थे उनकी मौत हो गई
और गुमनाम उन्हें दफना दिया गया तन्हा जगह पर
उनके लिए नहीं गिरा कोई आँसू
अजनबी हाथ उन्हें ले गए कब्र तक
क्रॉस नहीं, ताबूत नहीं, और न कब्र पर पत्थर
उनका यशस्वी नाम बताने को
उन पर घास उग आई, नाजुक घास
जो झुककर रहस्य बनाए रखती है
मात्र गवाह थीं सरसराती लहरें
जो भयानक शोर के साथ टकरा रही थीं
किनारे से,
लेकिन वे ताकतवर लहरें भी
उस दूरस्थ घर तक विदाई का
संदेश नहीं ले जा सकीं।

—वी.एन. फिंगर

—— : ✻ : ——

जेल

न सितारे थे, न धरती, न समय
न बाधा, न बदलाव, न अच्छाई न अपराध
लेकिन खामोशी और धीमी श्वास
जो न जीवन की थी, न मृत्यु की।

— दि प्रिजनर ऑफ चिल्लॉन

—— : ✻ : ——

Downloaded from www.PDFshala.com

30

<u>After conviction</u>:—

During the moments which immediately follow upon his sentence, the mind of the condemned in many respects resembles that of a man on the point of death. Quiet, and as if inspired, he no longer clings to what he is about to leave, but firmly looks in front of him, fully conscious of the fact that what is coming is inevitable.

[V. N. Figner]

———— : • : ————

<u>The Prisoner</u>:—

'It is suffocating under the low, dirty roof;
My strength grows weaker year by year:
They oppress me, this stony floor,
This iron chained table,
This bedstead, this chair, chained
To the walls, like boards of the grave.
In this eternal, dumb, deep silence
One can only consider oneself a corpse.'

"N. A. Morozov."

———— : • : ————

Naked walls, prison thoughts,
How dark and sad you are!
How heavy to lie a prisoner inactive,
And dream of years of freedom.

[Morozov]

———— : • : ————

[illegible]

———— : * : ————

कसूरवार ठहराए जाने के बाद

उसको सजा सुनाए जाने के बाद जो लम्हे आते हैं, उनमें कसूरवार ठहराए गए शख्स का मन कई तरह से मौत की हालत जैसा हो जाता है। खामोश और उतना ही बे-साँस, वह जो छोड़ने जा रहा है, एक हक, उससे चिपके रहना नहीं चाहता, बल्कि अपने सामने देखता रहता है, इस बात से पूरी तरह वाकिफ कि क्या होने जा रहा है?

—वी.एन. फिंगर

———— : * : ————

कैदी

नीची, गंदी छत के नीचे दम घुटता है
साल-दर-साल मेरी ताकत कम होती है

Downloaded from www.PDFshala.com

वे मुझे सताते हैं यह पत्थर का फर्श
यह खटिया, यह कुरसी दीवारों से बँधी हुई
जैसे कब्र के तख्त इस अनंत, गूँगी, गहरी खामोशी में
कोई सिर्फ खुद को एक लाश महसूस कर सकता है।

—एन.ए. मोरोजोव

———————— : ✻ : ————————

नंगी दीवारें, कैदखाने के खयाल
8. Civil Law :— Law of the State or of the land; as applied in the Courts of Justice. ...

Downloaded from www.PDFshala.com

4. **पारंपरिक कानून :** कोई भी ऐसे नियम अथवा नियमों की व्यवस्था है, जिस पर लोग अपने आचरण के विनियमन के लिए सहमत हों। अनुबंध संबंधित पक्षों के लिए एक कानून है।

5. **प्रथागत कानून** ऐसा कार्य का नियम है, जिसका वास्तव में लोगों द्वारा पालन किया जाता है—कोई नियम, जो स्वैच्छिक कार्य की किसी वास्तविक समानता को अभिव्यक्त करता है।

6. **व्यावहारिक अथवा तकनीकी कानून** में किसी व्यावहारिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियम होते हैं। खेलों में ये दोनों होते है—'पारंपरिक कानून' और 'व्यावहारिक कानून'। पहले वाले कानून पर खिलाड़ियों की सहमति होती है, जबकि दूसरे वाले कानून में ऐसे नियम होते हैं, जो खेल को सफल बनाने अथवा खेल को सफलतापूर्वक खेले जाने के लिए होते हैं।

7. **अंतरराष्ट्रीय कानून** में वे नियम होते हैं, जो संप्रभुत्ता संपन्न राज्यों के अन्य राज्यों के साथ संबंधों तथा आचरण को शासित करते हैं।

(1) एक्सप्रेस कानून (संधियाँ आदि)

(2) सांकेतिक कानून (प्रथागत)

(3) साझा कानून (सभी देशों के बीच)

(4) विशिष्ट कानून (दो अथवा अधिक विशिष्ट राष्ट्रों के बीच)

8. **सिविल कानून :** राज्य अथवा देश का कानून—जो न्याय की अदालतों में लागू होता है।

Downloaded from www.PDFshala.com

दंड

राजनीति अपराध

"हम बड़ी संख्या में उन लेजिस्लेटर्स के इस विचार से सहमत हैं कि आमतौर पर कोई व्यक्ति, जो किसी ऐसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा रहा हो, जिसे अंजाम न दिया गया हो, उसे कठोर दंड नहीं दिया जाना चाहिए। फिर भी, राज्य के विरुद्ध होनेवाले बड़े अपराधों के मामले में इस नियम का अपवाद होना चाहिए; क्योंकि राज्य के विरुद्ध अपराध, विशेषकर अत्यंत जघन्य और भयंकर अपराध इस प्रकार के होते हैं कि यदि उन्हें सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाए, तो अपराधी हमेशा दंड से बच जाता है। कातिल उसके शिकार की मौत के बाद पहले से ज्यादा खतरे में हो जाता है। चोर उसके शिकार की मौत के बाद पहले से ज्यादा खतरे में आ जाता है। चोर पर्स लिये जाने के बाद पहले से ज्यादा खतरे में आ जाता है, लेकिन राजद्रोही जब सरकार का तख्ता पलट देता है तो वह खतरे से बाहर हो जाता है। चूँकि दंड देने वाला कानून कामयाब बागी के विरुद्ध नपुंसक होता है, लिहाजा यह बहुत जरूरी है कि इसे बगावत के शुरू होते ही अधिक कठोर और तीखा बना दिया जाए।"

— II एल.सी.सी. जजमेंट, 1906

(पृ. 120)


111

Punishment :—

Dream that merited Capital punishment } :— When Marsyas dreamed that he had cut Dionysius' throat, the tyrant put him to death, arguing that he would have never dreamt of such a thing by night, had he not thought of it by day.

Capital punishment and Draco's Law } :— The Laws of Draco affixed the penalty of death to almost all crimes alike, to petty thefts, for instance, as well as, to sacrilege and murders; and the only explanation Draco is said to have given of that is, that minor offences deserve that penalty and he could find no greater for more heinous.

Punishment is thought by many philosophers to be a necessary evil.

State and man } The State is not really an end in itself and man is not here for the sake of Law or the State but that these rather exist for ~~that~~ man.

Downloaded from www.PDFshala.com

मृत्युदंड का सपना

जब **मार्सियस** ने सपना देखा कि उसने **डायोनिसिस** का गला काट दिया, तो जालिम शासक ने उसे मौत के घाट उतार दिया, यह दलील देते हुए कि यदि उसने दिन में यह सोचा न होता, तो वह कभी रात में यह सपना देख ही नहीं सकता था।

——————————— : * : ——————————

मृत्युदंड और डेको का कानून

डेको के कानूनों ने प्राय: सभी अपराधों के लिए मृत्युदंड निर्धारित किया था, छोटी-मोटी चोरी के लिए भी, धर्मस्थान को अपवित्र करने और हत्या के लिए भी। कहते हैं कि डेको ने इसकी एकमात्र सफाई यह दी थी कि छोटे अपराधों के लिए यह सजा मिलनी चाहिए और बड़े जुर्मों के लिए इससे बड़ी सजा वह सोच नहीं सका।

—————————— : * : ——————————

दंड को अनेक दार्शनिक एक आवश्यक बुराई समझते हैं।

——————————— : * : ——————————

राज्य और आदमी

राज्य अपने आप में कोई लक्ष्य नहीं है और आदमी कानून अथवा राज्य के लिए नहीं, बल्कि ये दोनों आदमी के लिए

—————————————— : * : ——————————————

Downloaded from www.PDFshala.com

Justice :— The maintenance of right within a political community by means of the physical force of the State.
It has replace the personal vengeance, when men avenged their own wrongs by themselves or with the help of their kinsmen. In those days the principle of 'might is right' worked.

Civil & Criminal Justice } :— Civil justice enforces rights. Criminal justice punishes wrongs.
A man claims a debt that is due to him, or the restoration of property wrongfully detained from him. This is Civil.
In a criminal case the defendant is accused of a wrong. Court visits the accused with a penalty for the duty already disregarded and for a right already violated, as where he is hanged for murder and imprisoned for theft.

Downloaded from www.PDFshala.com

न्याय

किसी राजनीतिक समुदाय के भीतर राज्य की भौतिक ताकत के माध्यम से अधिकार को कायम रखना।

जब मनुष्यों ने अपने पर किए गए अन्यायों का स्वयं अथवा अपने परिजनों के साथ मिलकर बदला लिया, तब इसने व्यक्तिगत प्रतिशोध की जगह ले ली। उन दिनों 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' का सिद्धांत चलता था।

सिविल और आपराधिक न्याय

सिविल न्याय अधिकारों को लागू करता है। आपराधिक न्याय गलत कामों पर दंड देता है।

कोई व्यक्ति उसके द्वारा दिए गए कर्ज अथवा उससे गलत तरीके से छीनी गई संपत्ति को वापस लेने के लिए दावा करता है। यह सिविल है।

आपराधिक मामले में प्रतिवादी पर कुछ गलत करने का आरोप होता है। अदालत आरोपी को उसके कर्तव्य का पालन न करने तथा किसी अधिकार के हनन के लिए सजा देती है। उसे हत्या के लिए फाँसी और चोरी के लिए कैद की सजा दी जाती है।


113

Both in Civil and Criminal proceedings, there is a wrong complained of.

In civil it amounts to a claim of right;
In Criminal it amounts merely to an accusation of wrong.
Civil justice is concerned primarily with the plaintiff and his right;
Criminal with defendant and his offence.

The Purposes of Criminal Justice

Punishment:—

1. Deterrent:— Chief end of the law is to make the evildoer an example and a warning to all that are like-minded with him. It makes every offence "an ill bargain to the offender". (Changing motive)

There this can not be useful in cases of [illegible] offenders such as political. It can't be an evil bargain [illegible]

2. Preventive:— In the second place it is preventive or disabling. Its special purpose is to prevent a repetition of wrongdoing by the disablement of the offender.

We hang murderers, not merely that it may deter others, but for the same reason for which we kill snakes, namely because it is better for us that they should be out of the world than in it.

Justification of Capital punishment

3. Reformative:— Offences are committed through the influence of motives upon character, and may be prevented either by a change of motives or by a change of character. Deterrent punishment acts in the former method while Reformative deals with the second.

Downloaded from www.PDFshala.com

सिविल और मूल प्रक्रियाओं, दोनों में किसी गलत काम की शिकायत होती है। सिविल में किसी अधिकार का दावा होता है।

आपराधिक में यह प्राय: गलत का आरोप होता है।

सिविल न्याय प्राथमिक दृष्टि से वादी और उसके अधिकारों से संबंधित है।

आपराधिक का संबंध प्रतिवादी और उसके अपराध से है।

——————————— : ✻ : ——————————

आपराधिक न्याय के उद्‌देश्य

1. **दंड :** कानून का मुख्य उद्‌देश्य गलत काम करनेवाले को एक मिसाल बनाकर उसके समान सोचने वालों के लिए चेतावनी देना है। इससे प्रत्येक "अपराधी को अपराध करना कठिन हो जाता है।"

अभिप्राय (motive) बदलकर

2. **रोकथाम :** इसका दूसरा उद्‌देश्य अपराध की रोकथाम करना अथवा अपराध करने के अयोग्य बनाना है। इसका विशेष उद्‌देश्य अपराधी को अपराध करने के अयोग्य बनाकर अपराध की पुनरावृत्ति को रोकना है।

मृत्युदंड का औचित्य

हम हत्यारे को सिर्फ इसलिए फाँसी नहीं देते कि इससे दूसरों को हत्या करने से रोका जा सकता है, बल्कि उसी कारण से देते हैं, जिस कारण से हम साँप को मारते हैं, यानी हमारे लिए यह बेहतर है कि वह दुनिया में रहने के बजाय दुनिया से बाहर रहे।

3. **सुधारात्मक :** अपराध चरित्र पर अभिप्राय के असर के कारण होते हैं, और अभिप्राय बदलकर अथवा चरित्र बदलकर उन्हें रोका जा सकता है। अवरोधक दंड पहली घटना में काम करता है, जबकि सुधारात्मक दंड दूसरे में।

Downloaded from www.PDFshala.com


114

'Advocates of 'Reformative theory' admit only such forms of penalty as are subservient to the education and discipline of the criminal, and reject all those which profitable only as deterrent or disabling. Death is in their view no fitting penalty; 'we must cure our criminals not kill them.' Flogging and other corporal punishments are condemned as relics of barbarism. Such penalties are considered by them to be degrading and brutalising both to those who suffer and to those who inflict them.

Result of severe punishment. Dangerous & desperate class of criminals springs up.

Efficient the
The more coercive action of the State, the more successful it is in restraining all normal human beings from the dangerous paths, and the higher becomes the proportion of degeneracy among those who break the law.

4. Retributive Punishment :—

'It gratifies the instinct of revenge or retaliation, which exists, not merely in the individual wronged, but also by way of sympathetic extension in the society at large.

According to this view, it is right and proper, that evil should be returned for evil. An eye for an eye and a tooth for a tooth is deemed a plain and self sufficient rule of natural justice. Punishment becomes an end in itself.

The most horrible theory! People thinking in these terms are really maintaining the barbaric mentalities of ancient and pre-civilization times.

'सुधारात्मक सिद्धांत' के समर्थक दंड के सिर्फ उन स्वरूपों को स्वीकार करते हैं, जो अपराधी को शिक्षा दें और अनुशासित करें, और उन सभी दंडों को अस्वीकृत करते हैं, जो निवारक तथा अपराधी को अपराध के अयोग्य बनाने वाले (हों)। उनकी नजर में मृत्युदंड उचित नहीं है। कोड़े मारने तथा अन्य शारीरिक दंड देने को बर्बरता की निशानी मानकर उनकी आलोचना की जाती है। उनके द्वारा ऐसे दंडों को दंड पाने वाले तथा दंड देने वाले, दोनों के लिए तथा क्रूरतापूर्ण माना जाता है।*

राज्य की बलपूर्वक कारस्वाई जितनी अधिक सक्षम होगी, वह सामान्य लोगों को खतरनाक रास्ते पर जाने से रोकने में उतनी ही सफल होगी, और कानून तोड़ने वालों के लिए वह उसी अनुपात में पतनकारी होगी।

4. **प्रतिकारात्मक दंड :** इससे बदले अथवा प्रतिशोध की प्रवृत्ति की तुष्टि होती है, जो न सिर्फ उस व्यक्ति में होती है, जिसके साथ गलत हुआ हो, बल्कि व्यापक समाज में यह सहानुभूतिपूर्ण विस्तार के रूप में भी होती है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, यह सही और उचित है कि बुरे के बदले बुरा किया जाए। आँख के बदले आँख

Downloaded from www.PDFshala.com

फोड़ी जाए और दाँत के बदले दाँत। इसे ही नैसर्गिक न्याय का आत्मनिर्भर पर्याप्त सीधा नियम माना जाता है। दंड स्वयं एक बुराई बन जाता है।


115

Punishment an evil:— Punishment is in itself an evil, and can be justified only as the means of attaining a greater good

But the — Supporters of Retributive theory argue this way:— "Guilt plus punishment is equal to innocence."

"The wrong whereby he has transgressed the law of right, has incurred a debt. Justice requires that the debt be paid... The first object of punishment is to satisfy the outraged Law."

Peine forte et dure was death with torture .. ? Judgement for which was delivered as follows:—

"That you be taken back to the prison whence you came, to a low dungeon into which no light can enter; that you be laid on your back on the bare floor, with a cloth round your loins, but elsewhere naked; that there be set upon your body a weight of iron as great as you can bear, and greater; that you have no substance save, on the first day, three morsels of the coarsest bread; on the second day, three draughts of stagnant water from the pool nearest to the prison door; on the third day again three morsels of bread as before and such bread and such water alternately from day to day untill you die."

This punishment was inflicted on people of both the sexes alike for all sorts of offence not extraordinary.

दंड : एक बुराई

दंड अपने आप में एक बुराई है, और उसे किसी बड़े भलाई के काम के साधन के रूप में ही उचित ठहराया जा सकता है।

लेकिन प्रतिकारात्मक सिद्धांत के समर्थक दलील देते हैं कि "अपराध और दंड मिलकर निर्दोषता बन जाते हैं।"**

---

* कठोर दंड का परिणाम: अपराधियों का खतरनाक और गुस्सैल वर्ग उत्पन्न हो जाता है।

** सबसे भयानक सिद्धांत ! इस तरह से सोचने वाले लोग वास्तव में प्राचीन और सभ्यता-पूर्व की बर्बर प्रवृत्तियों को कायम रखते हैं।

भगतसिंह की टिप्पणी

Downloaded from www.PDFshala.com

"उस अपराध से जिसमें किसी ने सच्चे व्यक्ति के अधिकार का हनन किया है, उसका कर्ज उस पर हो गया। न्याय की माँग है कि यह कर्ज चुकाया जाए—दंड का पहला उद्‌देश्य तोड़े गए कानून को संतुष्ट किया जाए।

———————— : * : ————————

Peive forte due तड़पाकर दी जानेवाली मौत थी, उसके लिए निम्नलिखित निर्णय दिया गया—

"यह कि तुम्हें उसी जेल में वापस ले जाया जाएगा, जहाँ से तुम आए हो, एक लंबी काल कोठरी में, जिसमें रोशनी नहीं जा सकती। इसके बाद तुम्हे नंगे फर्श पर पीठ के बल लिटाया जाएगा, तुम्हारी कमर में एक कपड़ा बाँध दिया जाएगा, बाकी सारा शरीर नंगा होगा। इसके बाद तुम्हारे शरीर पर लोहे का उतना वजन रखा जाएगा, जितना तुम सहन कर सकते हो, और उससे भी ज्यादा, उस दिन तुम्हारी बरदाश्त की ताकत खत्म हो जाएगी, पहले दिन तुम्हें सबसे मोटे अनाज की रोटी के कौर दिए जाएँगे। दूसरे दिन जेल के दरवाजे के सबसे पास स्थित पोखर के ठहरे हुए पानी की तीन बूँदें दी जाएँगी। तीसरे दिन, पहले की तरह फिर रोटी के तीन कौर दिए जाएँगे, और यह रोटी और पानी तुम्हें मरने तक बारी-बारी से दी जाएँगी।"*


116

Foreign Subjection :—

Subjection to foreign yoke is one of the most potent causes of the decay of nations. —— Prof: E. A. Ross.

Domination of a democracy over foreign nations :— No rule over a foreign people is so exacting and so merciless in its operation as that of a democracy. Lalaji

Marriage

Dr. Tagore holds that the marriage system all over the world — and not only in India — from the earliest ages till now, is a barrier in the way of the true union of man and woman, which is possible only when society shall be able to offer a large field for the creative work of woman's special faculty, without checking the creative work in the home.

———— . . . ————

* यह सजा असाधारण अपराध के लिए नहीं, बल्कि सभी तरह के अपराधों के लिए स्त्रियों और पुरुषों, दोनों को समान रूप से दी जाती थी।—भगतसिंह

Downloaded from www.PDFshala.com

विदेशी गुलामी

विदेशी गुलामी राष्ट्रों की तबाही के सबसे बड़े कारणों में एक है।

—प्रो. ए.ई. रोस

जनतंत्र का प्रभुत्व और विदेशी राष्ट्र एक विदेशी जनता के ऊपर एक जनतंत्र की कारवाइयाँ ज़ितनी निरंकुश और निर्मम होती हैं, उतनी और किसी भी शासन की नहीं होतीं।

—लालाजी

शादी

डॉ. टैगोर का मानना है कि पूरी दुनिया में शादी की व्यवस्थाएँ—सिर्फ भारत में नहीं—प्रारंभिक काल से अब तक स्त्री और पुरुष के वास्तविक मिलन में एक बाधा हैं। यह मिलन तभी संभव है, जब समाज स्त्रियों की विशेष प्रतिभा को रचनात्मक कार्य करने के लिए बड़ा क्षेत्र प्रदान करे, घर में सृजनात्मक काम से उनका ध्यान हटाए बिना।

: * :



117

Citizen & Man

The Spartan Pedaretes presented himself for admission to the council of the Three Hundred and was rejected; he went away rejoicing that there were 300 Spartans better than himself. I suppose he was in earnest, there is no reason to doubt it.

That was a citizen.

A Spartan mother had five sons with the army. A Helot arrived; trembling she asked his news. "Your five sons are slain." "Vile slave, was that what I asked thee?" "We have won the victory." She hastened to the temple to render thanks to the gods.

That was a citizen.

Emile p. 8

: o :

Life & Education :—

People think only of preserving their child's life; this is not enough, he must be taught to preserve his own life when he is a man, to bear the buffets of fortune, to brave wealth and poverty, to live at need among the snows of Iceland or on the scorching rocks of Malta. In vain you guard against death; he must needs die; and even if you do not kill him with your precautions, they are mistaken. Teach him to live rather than to avoid death: life is not breath, but action, the use of our senses, our mind, our faculties, every part of ourselves which makes us conscious of our being. Life consists less in length of days than in keen sense of living. A man may be buried at a hundred and may never have lived at all. He would have fared better had he died young.

Emile p. 10

: o :

Downloaded from www.PDFshala.com

* नोट : लाला लाजपत राय (1865-1928) : लाहौर में साइमन कमीशन का विरोध करने पर ब्रिटिश पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज किया, और इसी में लगी सांघातिक चोट के फलस्वरूप बाद में लालाजी की मृत्यु हो गई। उनकी मौत और पंजाब के अपमान का बदला लेने के लिए भगतसिंह और उनके क्रांतिकारी सास्थियों ने ब्रिटिश पुलिए अफसर सांडर्स की गोली मारकर हत्या कर दी।

Downloaded from www.PDFshala.com

नागरिक और मानव

स्पार्टन, पेडेरेट्स काउंसिल ऑफ दि थ्री हंड्रेड में प्रवेश के लिए गए, लेकिन उन्हें खारिज कर दिया गया; वह खुशी मनाते हुए लौटे कि 300 स्पार्टन उनसे बेहतर हैं। मैं मानता हूँ कि वह सही थे, इसमें शक की कोई गुंजाइश नहीं है।

यह था नागरिक।

एक स्पार्टन माँ के पाँच बेटे फौज में थे। एक हेलॉट आया। माँ ने काँपते हुए उससे समाचार पूछा, "तुम्हारे पाँचों पुत्र मारे गए।"

"तुच्छ दास, क्या मैंने तुमसे यह पूछा था?"

"हमने विजय हासिल कर ली है।" वह देवताओं को धन्यवाद देने के लिए दौड़ी-दौड़ी मंदिर चली गई। वह एक सच्ची नागरिक थी।

—एमिली *(पृ. 8)*

: * :

जीवन और शिक्षा

लोग सिर्फ बच्चे के जीवन की सुरक्षा की बात सोचते हैं; यह काफी नहीं है। उसे इस तरह शिक्षित किया जाए कि बड़ा होकर वह स्वयं के जीवन की रक्षा कर सके। संपत्ति तथा गरीबी में धैर्य के साथ जी सके। आइसलैंड में बर्फ के बीच अथवा माल्टा की झुलसा देने वाली चट्टानों पर जरूरत पड़ने पर यों निकल सके। तुम मौत के विरुद्ध बेकार सुरक्षा जुटा रहे हो, उसे मरना ही होगा। और अगर तुम उसे अपनी सावधानियों से न भी मारो, तो फिर वह अपनी गलतियों से मर जाएगा। उसे मौत से बचने की बजाय मरना सिखाओ। जीवन साँस नहीं, बल्कि कर्म है। हमारी इंद्रियों, हमारे दिमाग, हमारी क्षमताओं, हमारे प्रत्येक अंग का उपयोग हमारे अस्तित्व को चैतन्य बनाता है। जीवन का महत्त्व इसमें नहीं है कि यह कितने दिन का है, बल्कि इसमें है कि हमने उसे कितनी जिंदादिली से जिया। किसी व्यक्ति को भले ही सौ साल की उम्र में दफनाया गया हो, लेकिन हो सकता है कि उसने जिंदगी कभी जी ही नहीं हो। वह अगर जवानी में मर जाता तो ज्यादा बेहतर होता।

—एमिली *(पृ. 10)* .

: * :

Downloaded from www.PDFshala.com


118

Truth :— Truth however does not ~~bring~~ lead to fortune, and the people confer neither embassies, nor professorships, nor pensions. Rousseau in S.C.

Crime and Criminals } " . . . With readymade opinions one cannot judge of crime. Its philosophy is a little more complicated than people think. It is acknowledged that neither convict prisons, nor the hulks, nor any system of hard labour ever cured a criminal. These forms of chastisement only punish him and reassure society against the offences he might commit. Confinement, regulation, and excessive work have no effect but to develop with these men profound hatred, a thirst for forbidden enjoyment and frightful recalcitrations. On the other hand I am convinced that the celebrated cellular system gives results which are specious and deceitful. It deprives a criminal of his force, of his energy, enervates his soul by weakening and frightening it, at last exhibits a dried up mummy as a 'model of repentance and amendment.'"

The House of the Dead PP 17 — Dostoievsky

सत्य

बहरहाल, सत्य से दौलत नहीं मिलती, और लोग दूतावास या प्रोफेसरशिप या पेंशन भी नहीं देते।

—रौसियो एस.सी.

रूसी, 122

: * :

अपराध और अपराधी

" … तैयार मान्यता से कोई अपराध के तथ्यों का आकलन नहीं कर सकता। इसका दर्शन, लोग जितना सोचते हैं, उससे ज्यादा जटिल है। यह स्वीकार किया जाता है कि न तो सजायाफ्ता, न कठोर परिश्रम की किसी व्यवस्था ने कभी किसी अपराधी को सुधारा है। इनसे उसे सिर्फ सजा मिलती है और समाज आश्वस्त होता है कि वह फिर से अपराध नहीं करेगा। बंदीकरण, नियंत्रण तथा अधिक काम का कोई असर नहीं पड़ता। सिर्फ इन

Downloaded from www.PDFshala.com

लोगों के मन गहरी नफरत से भर जाते हैं। उनके मन में निषिद्‌ध काम करने की इच्छा बढ़ जाती है और भयानक अक्खड़पन पैदा होता है। दूसरी ओर, मुझे भरोसा है कि प्रसिद्‌ध काल-कोठरी के जो परिणाम मिलते हैं, वे झूठे और फरेबी होते हैं। इससे अपराधी की ताकत और ऊर्जा खत्म हो जाती है। उसकी आत्मा कमजोर और भयभीत हो जाती है। अंततः उसकी स्मृति सूख जाती है और वह पश्चात्ताप और सुधार की मिसाल दिखाई देता है।

—दि हाउस ऑफ दि डेड

फेडोर दोस्तोवस्की *(पृ. 17)*



119

Desire vs Contentment!

A conscious being whose powers were equal to his desires would be perfectly happy. .... The mere limitation of our desires is not enough, for if they were less than our powers, part of our faculties would be idle, and we should not enjoy our whole being; neither is the mere extension of our powers enough, for if our desires were also increased we should too only be the more miserable. True happiness consists in decreasing the difference between our desires and our powers.

44. Emile

नोट : फ्योदोर सिखाइलोविच दोस्तोव्स्की (1821-1881) का उपन्यास 'द हाउस ऑफ डेड', जो स्वयं उनके कारावास के अनुभवों के आधार पर 1861 में लिखा गया।

Downloaded from www.PDFshala.com

कामना बनाम संतोष

कोई चेतन प्राणी, जिसकी शक्ति उसकी इच्छाओं के बराबर होगी, वह पूरी तरह प्रसन्न होगा। ··· सिर्फ हमारी कामनाओं की सीमाएँ पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि अगर वे हमारी शक्ति से कम हुईं, तो हमारी क्षमता का एक भाग बेकार हो जाएगा, और हम जीवन का पूरा आनंद नहीं ले पाएँगे। सिर्फ हमारी शक्ति का विस्तार भी पर्याप्त नहीं है, क्योंकि यदि हमारी कामनाएँ भी बढ़ जाएँ, तो हम और अधिक दयनीय ही बनेंगे। सच्ची प्रसन्नता हमारी कामनाओं तथा शक्तियों के बीच अंतर को कम करने में निहित है।

—एमाइल



120

Bourgeois revolution is germinated by the circumstance already existing in its predecessor regime

" The bourgeois revolution usually ends with the seizure of power. For the proletarian revolution the seizure of power is only a ~~begg~~ beginning; power, when seized, is used as a lever for the transformation of the old economy and for the organization of a new one."

P. 20.

" There still remain two gigantic and extremely difficult tasks — (even after the overthrow of the existing regime in one country – say Russia).

First of all comes the internal organization

The second crucial problem is that of the world revolution ... the need to solve international problems, the need to promote the world revolution — (without which communist regime can not be quite safe from the international Capitalist threat.)

P. 21. 22

"बुर्जुआ क्रांति का जन्म उन परिस्थितियों में हुआ, जो पूर्व शासन के दौरान पहले से मौजूद थीं। आमतौर पर बुर्जुआ क्रांति का अंत सत्ता हासिल करने में होता है। सर्वहारा क्रांति के लिए सत्ता की प्राप्ति सिर्फ शुरुआत है। प्राप्त होने के बाद सत्ता का उपयोग पुरानी अर्थव्यवस्था को बदलकर नई अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक साधन के रूप में किया जाता है।"

"अभी दो बहुत बड़े और कठिन काम बाकी हैं—(एक देश, यानी रूस में वर्तमान शासन व्यवस्था को उलट देने के बाद भी)।"

सबसे पहली समस्या आंतरिक संगठन है। दूसरी बड़ी समस्याओं को सुलझाने की जरूरत, विश्वक्रांति को आगे बढ़ाने की जरूरत—(जिसके बिना साम्यवादी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय पूँजीवादी खतरे से पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकती)।

(पृ. 21-22)



121

I. If the proletariat is to win over the majority of the population, it must first of all overthrow the bourgeoisie and seize the powers of the State.

II. Next, it must establish the Soviet authority breaking up the old State apparatus, and thus at one blow counteracting the influence which the bourgeoisie and the petty bourgeois apostles of class collaboration exercise over the working (though non-proletariat) masses.

III. Thirdly the proletariat must completely and finally destroy the influence which the bourgeoisie and petty bourgeois compromisers exercise over the majority of the working (though non-proletarian) masses, it must do so by the revolutionary satisfaction of the economic needs of these masses at the cost of the exploiters.

Nicolai Lenin
P 23

Dictatorship of the proletariat means the masses guided and directed by the Communist Party. Though party exercise substantial influence or control still it is not all. Apart from its guidance, the 'will' of the masses is necessary for the achievement of any particular object.

"We have to admit that the broad masses of the workers must be led and guided by the class conscious minority." and that is the Party. Party has 'Trade unions' to link the Party with proletariat ..., 'Soviets' to link it with all the labouring masses in the political field, 'Co-operatives' in the economic field especially

Downloaded from www.PDFshala.com

I. अगर सर्वहारा को ज्यादातर लोगों पर विजय प्राप्त करनी है, तो उसे सबसे पहले बुर्जुआ को उखाड़कर राज्य की सत्ता पर काबिज होना होगा।

II. उसके बाद, उसे पुराने राज्यतंत्र को तोड़कर सोवियत सत्ता स्थापित करनी होगी, और इस तरह एक ही झटके में उस असर को खत्म करना होगा, जो बुर्जुआ और शत्रु-सहयोगी छुटभैया-बुर्जुआ का मजदूर मजदूर वर्गों (यद्यपि गैर-सर्वहारा) पर था।

III. तीसरी बात, सर्वहारा को उस असर को पूरी तरह और अंतिम रूप से खत्म करना होगा, जो बुर्जुआ और छुटभैया-बुर्जुआ से समझौता करनेवाले अधिकतर मजदूर (यद्यपि गैर-सर्वहारा) लोगों पर रखते हैं; उसे यह काम शोषकों की कीमत पर आम लोगों की आर्थिक आवश्यकताओं को क्रांतिकारी रूप से संतुष्ट करके करना होगा।

—निकोलइ लेनिन *(पृ. 82)*

———————— : * : ————————

सर्वहारा की तानाशाही का अर्थ है—वे लोग, जो कम्युनिस्ट पार्टी से मार्गदर्शित और निर्देशित हैं। हालाँकि पार्टी का काफी असर या नियंत्रण है, लेकिन यह पूरा नहीं है। इस मार्गदर्शन के अलावा, लोगों में किसी विशेष लक्ष्य को प्राप्त करने की 'इच्छाशक्ति' आवश्यक है।

हमें यह मानना होगा कि मजदूरों के बड़े वर्ग का नेतृत्व और मार्गदर्शन वर्ग चेतना युक्त अल्पसंख्यकों द्वारा होना


122

to link the peasantry, 'League of youth' to train communists from amongst the rising generation. Finally Party itself is the sole guiding force with-in the Dictator-ship of the proletariat.

चाहिए। और यह पार्टी है। पार्टी को सर्वहारा मजदूर से जोड़ने के लिए पार्टी के पास ट्रेड यूनियनें हैं ··· इसे राजनीति-क्षेत्र में सभी मजदूर वर्गों से जोड़ने के लिए सोवियतें हैं, आर्थिक क्षेत्र में, विशेषकर किसानों के लिए कोऑपरेटिव्स हैं।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

Downloaded from www.PDFshala.com

Figures: — *Inequality of incomes:* —

Production
Pre-war United Kingdom's (England's)
Annual production amounted to: —
£, 2000,000,000
Gained through foreign investments: —
£, 200,000,000
Total £ 2200,000,000

Distribution
$\frac{1}{9}$ of the whole population i.e. Capitalist or bourgeois took away $\frac{1}{2}$ of the total production i.e. —— £, 1100,000,000. [least average income annual — £ 160]

$\frac{2}{9}$ th of the whole population i.e. Petty bourgeois took away $\frac{1}{3}$ of the remaining half or $\frac{1}{6}$ th of the whole — i.e. £, 300,000,000. {average income less than £ 160 a year}

$\frac{2}{3}$ rd of the population i.e. manual labour or proletariat got the rest i.e. £, 800,000,000. [average income £ 60 yearly]

United States America: —— in 1890.

40% of total production was received by owners of means
60% " was given to all workers.

इसी तरह नई पीढ़ी के कम्युनिस्टों

Downloaded from www.PDFshala.com

आँकड़े

आमदनी में असमानता
उत्पादन

युद्ध से पहले यूनाइटेड किंग्डम (इंग्लैंड) का वार्षिक उत्पादन	: 2000,000,000 पाउंड
विदेशी निवेश से प्राप्त	: 200,000,000 पाउंड
	2200,000,000

वितरण

कुल आबादी का 1/9वाँ भाग, अर्थात् पूँजीपति अथवा बुर्जुआ ले गए	न्यूनतम औसत आमदनी वार्षिक
उत्पादन का 1/2 भाग, अर्थात् 1100,000,000	160 पाउंड
कुल आबादी का 2/9वाँ भाग, अर्थात् छुटभैया बुर्जुआ शेष आधे का 1/3 भाग अथवा कुल 300,000,000 का 1/6वाँ भाग ले गए	औसत आमदनी एक वर्ष में 160 से कम
अथवा शेष 800,000,000 आबादी का 2/3 भाग अर्थात् मजदूर या सर्वहारा ले गए।	औसत आमदनी 60 पाउंड वार्षिक

———————————— : * : ————————————

संयुक्त राज्य अमेरिका : 1890 में कुल उत्पादन का

4 % भाग साधनों के स्वामियों को मिलता था। कुल उत्पादन का

60 % भाग सभी मजदूरों को मिलता था।

Downloaded from www.PDFshala.com

124



Aim of Life :—

"The aim of life is nomore to control mind, but to develope it harmoniously, not to achieve salvation hereafter, but to make the best use of it here below, and not to realize truth, beauty and good only in contemplation, but also in the actual experience of daily life; social progress depends not upon the ennoblement of the few but on the enrichment of the many; and spiritual democracy or universal brotherhood can be achieved only when there is an equality of opportunity in the social, political and industrial life."

जिंदगी का मकसद

"जिंदगी का मकसद अब मन पर काबू करना नहीं, बल्कि इसका समरसतापूर्ण विकास है। मौत के बाद मुक्ति पाना नहीं, बल्कि दुनिया में जो है, उसका सर्वश्रेष्ठ उपयोग करना है। सत्य, सुंदर और शिव की खोज ध्यान से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी के वास्तविक अनुभवों से करना भी है। सामाजिक प्रगति सिर्फ कुछ लोगों की नेकी से नहीं, बल्कि अधिक लोगों के नेक बनने से होगी। आध्यात्मिक लोकतंत्र अथवा सार्वभौम भाईचारा तभी संभव है, जब सामाजिक, राजनीतिक और औद्योगिक जीवन में अवसरों की समानता हो।"

Downloaded from www.PDFshala.com

Ancient Polity:— Rome & Sparta:— Aristotle & Plato:— Subordination of the individual to the State was the dominant feature of these ancient polities, Sparta & Rome. In Hellas or in Rome the citizen had but a few personal rights; his conduct was largely subject to public censorship, and his religion was imposed by State authority. The only true citizens and members of the Sovereign body being an aristocratic caste of freemen, whose manual work is performed by slaves possessing no civil rights.

Socrates:— Socrates is represented as contending that whoever, after reaching man's estate, voluntarily remains in a city, should submit to the Govt. even when he deems its laws unjust; accordingly, on the ground that he would break 'his agreement with' the State by escaping from prison into exile, determines to await the execution of an unjust sentence.

Plato:— He traces the origin of society and the State to mutual need, for men as isolated beings are incapable of satisfying their manifold wants. He while depicting a kind of idealised Sparta says, 'In an ideal State philosophers should rule; and to this aristocracy, or government of the best, the body of citizens would owe implicit obedience.' He emphasises on the careful training and education of citizens.

[Social Contract]

Aristotle:— He was the first to disentangle politics from ethics, though he careful not to sever them. 'The majority of men,' he urged, "are ruled by their passions rather than by reason, and the State must therefore train them to virtue by a life-long course of discipline, as in Sparta. Until political society is instituted there is no administration of justice ... (but) it is necessary to enquire into the best constitution.

: * :

राज्य का विज्ञान

प्राचीन राज्य व्यवस्था : रोम और स्पार्टा : अरस्तु और प्लेटो

इन प्राचीन राज्य-व्यवस्थाओं में व्यक्ति का शासन के अधीन होना सबसे बड़ी विशेषता थी। रोम के हेलास में नागरिक को बहुत कम व्यक्तिगत अधिकार प्राप्त थे। उसका आचरण व्यापक रूप से सार्वजनिक निगरानी में था, उसका धर्म राज्य प्राधिकार द्वारा थोपा गया था। वास्तविक नागरिक और सोवरिन बॉडी के सदस्य सिर्फ कुलीन लोग थे और उन्हें ही पूरी स्वतंत्रता प्राप्त थी। उनका सभी मेहनत का काम दासों द्वारा किया जाता था, जिनके पास कोई नागरिक अधिकार नहीं थे।

सुकरात

सुकरात को यह दलील देते हुए प्रस्तुत किया जाता है कि कोई भी नागरिक राज्य में पहुँचने के बाद यदि स्वेच्छा से एक नगर में रहने लगे तो उसे सरकार की अधीनता स्वीकार करनी चाहिए, भले ही उसे इसके कानून अनुचित क्यों न लगें। तदनुसार ही इस आधार पर कि यदि वह जेल से फरार होकर भाग जाए तो राज्य के साथ उसका करार भंग हो जाएगा। वह एक अनुचित सजा के लागू होने का भी इंतजार करते रहने के लिए तैयार रहे।

प्लेटो

(सामाजिक संविदा)

वह समाज और राज्य की उत्पत्ति पारस्परिक आवश्यकता से बताता है, क्योंकि मनुष्य अकेला रहकर अपनी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता। वह एक तरह के आदर्श स्पार्टा की व्याख्या करते हुए कहता है—"एक आदर्श राज्य में दार्शनिकों को शासन करना चाहिए और इन सर्वश्रेष्ठ लोगों के अभिजात वर्ग अथवा सरकार की आज्ञा का नागरिकों द्वारा पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए।" वह नागरिकों के सजग प्रशिक्षण और शिक्षा पर जोर देता है।

अरस्तु

वह पहला व्यक्ति था, जिसने राजनीति को नीतिशास्त्र से मुक्त किया, हालाँकि वह सतर्क भी था कि दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल पृथक् न हो जाएँ। उसकी दलील थी, लोगों की बहुसंख्या विवेक के बजाय अपनी भावनाओं में शामिल होती है। इसलिए राज्य के लिए जरूरी है कि वह उन्हें जीवन पर्याप्त अनुशासन में रहने का प्रशिक्षण दे, जैसा कि स्पार्टा में है। जब तक राजनीतिक समाज स्थापित नहीं होता, तब तक न्याय का कोई प्रशासन नहीं हो सकता ··· लेकिन इसके लिए आवश्यक है कि सर्वोत्तम संविधान और विधि निर्माण की सर्वोत्तम प्रणाली की खोज की जाए।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

Downloaded from www.PDFshala.com



166

and the best system of legislation.
"The germ of the State is found in the family or household. From the union of many households arose the village community, ... members being subject to patriarchal government.
" By the association of several villages was formed the State, a natural, independent, and self-sufficing organization.
" But while the household is ruled monarchically, in constitutional governments the subjects are free and on an equality with their rulers.
" Natural sociability and mutual advantage impel men to union. Man is by nature a political (social) animal.
" The State is much more than an alliance which individuals can join or leave without effect, for the independent or cityless man is unscrupulous and savage, something essentially different from a citizen."

Plato:— Plato had anticipated this conception of the State as a body whose members combine harmoniously for a common end.

Aristotle:— Aristotle held that where freedom and equality prevail there should be alternate rule and subjection, but it is best, if possible, that the same persons should always rule.
In opposition to Plato's communism, he argued in favour of duly regulated private property, considering that only a moral unity is possible or desirable in the State.
[illegible] He divided governments into monarchies, aristocracies, and republics and their respective perversions, tyrannies, oligarchies and democracies, according as the supreme power is in the hands of one or a few or the many, and according as the end is the general good or the private interests of the rulers, regard also being paid to freedom, wealth, culture and nobility.
Each polity consists of three parts — the deliberative, the executive, and the judicial bodies. Citizenship is constituted neither by residence, nor by the possession of legal rights, but by participation in judicial power and Public office.
The many, having attained a certain standard of morality, should rule; for, though individually inferior, they are collectively wiser and more virtuous than a select few. But, while undertaking all deliberative and judicial functions, they should be excluded from the highest executive offices.
The best Polity is that in which the middle class between the very rich and the very poor controls the government, for that class has the most permanent life, and is the most [illegible]

"राज्य का बीज परिवार या कुटुंब में होता है। कई कुटुंबों के संयुक्त होने से ग्राम समुदाय की उत्पत्ति हुई है, (ज़िसके) सदस्य पितृसत्तात्मक सरकार के अधीन होते हैं।"

कई गाँवों को मिलाकर राज्य का निर्माण हुआ, जो एक प्राकृतिक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर संगठन था। "लेकिन जहाँ कुटुंब एक व्यक्तित्व द्वारा शासिल होता है, वही संवैधानिक सरकारों में व्यक्ति स्वतंत्र और अपने शासकों के समान होते हैं।"

"प्राकृतिक, सामाजिकता और परस्पर लाभ से भी एकता संभव होती है। मनुष्य अपने स्वभाव से एक राजनीतिक (सामाजिक) प्राणी है।"

"राज्य एक संश्रय से कहीं अधिक है; जिससे व्यक्ति जुड़ सकते हैं या बिना कोई फर्क पड़े छोड़ सकते हैं, लेकिन स्वतंत्र या नागरिकता रहित मनुष्य अविश्वसनीय, असभ्य, और एक नागरिक सेभिन्न कोई चीज होती है।"

प्लेटो

प्लेटो ने राज्य की अवधारणा एक ऐसी संस्था के रूप में की, जिसके सदस्य किसी एक सामान्य उद्‌देश्य के लिए समरसता के साथ संयुक्त होते हैं।

Downloaded from www.PDFshala.com

अरस्तु

अरस्तु का मानना है कि जहाँ स्वतंत्रता और समानता होती हैं, वहाँ वैकल्पिक शासन तथा अधीनता होनी चाहिए, लेकिन इसके श्रेष्ठतम रूप में, यदि संभव हो तो, वे ही लोग हमेशा शासन करें।

प्लेटो के साम्यवाद के विरोध में उसकी दलील बाकायदा नियम निर्धारित निजी संपत्ति के पक्ष में थी, जिसके पीछे उसका विचार यह था कि राज्य में सिर्फ एक नैतिक एकता ही संभव या वांछनीय है।

सरकारों के प्रकार

उसने सरकारों को राजतंत्र, कुलीनतंत्र तथा गणराज्यों में बाँटा था। उनकी विकृतियाँ, अत्याचार, कुलीनतंत्र और लोकतंत्र, तदनुसार उनकी सारी शक्तियाँ किसी एक व्यक्ति अथवा कुछ अथवा बहुत से लोगों के हाथ में होती हैं। इनका अंतिम उद्देश्य जनकल्याण अथवा शासकों के खुद के हित होते हैं। स्वतंत्रता, संपत्ति, संस्कृति तथा कुलीनता का भी सम्मान किया जाता है। हर शासन व्यवस्था के तीन भाग होते हैं—(1) विचारक, (2) कार्यपालिका और (3) न्यायिक संस्थाएँ। नागरिकता का निर्धारण न निवास से होता है, न कानूनी अधिकारों की प्राप्ति से, बल्कि यह न्यायिक शक्ति तथा सार्वजनिक पद में भागीदारी से होता है।

अनेक लोगों को, जिन्होंने एक सीमा तक नैतिकता का स्तर प्राप्त कर लिया हो, शासन करना चाहिए। वे व्यक्तिगत रूप से कमतर हो सकते हैं, लेकिन सामूहिक रूप से कुछ चुनिंदा लोगों की तुलना में अधिक समझदार और गुणवान होते हैं। लेकिन सभी विचारण और न्यायिक कार्य करते हुए उन्हें सर्वोच्च कार्यपालिक पदों से अलग रहना चाहिए।


167

conformable to reason, as well as the most capable of constitutional action. This is virtually an affirmation that sovereignty should reside in the majority of the citizens, slaves of course being ignored.

Democracies agree in being based on equality in respect of personal liberty, which implies the eligibility of all citizens to hold, or elect to the offices of State, and the rule of each over all and of all over each in turn.

Aristotle, like Plato, treated democracy as a debased form of Govt, and held that it is more suitable to large States than any other.

Stoics :—
Cynics :—
Epicureans :— "Justice" said Epicurus, is nothing in itself, but merely a compact (as the basis of justice) of expediency to prevent mutual injury.

Stoic :— A disciple of the philosopher Zeno (340–260 B.C.) who opened his school in a colonnade called the "Stoa Poikile" [painted porch] at Athens. Later Roman stoics were Cato the Younger, Seneca, Marcus Aurelius. The word stoic literally means "one indifferent to pleasure or pain."
Stoicism is a school of philosophy strongly opposed to Epicureanism in its view of life and duty; indifferent to pleasure or pain.

Cynicism :— A sect of philosophers founded by Antisthenes of Athens (born c. 444 B.C.) characterised by an ostentatious contempt for riches, arts, science and amusements. They are called Cynics because of their morose manners. Cynicism is sometimes used to denote the contempt for human nature.

Epicureans :— Epicurus [341–270 B.C.] was a Greek Philosopher, who taught that pleasure was the chief good. Epicurean is used to denote one devoted to the pleasures of the table or given to sensual enjoyment.

Downloaded from www.PDFshala.com

सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था वह है, जिसमें बहुत अमीर और बहुत गरीब के बीच का मध्य वर्ग शासन पर नियंत्रण करता है, क्योंकि इस वर्ग का जीवन सर्वाधिक स्थायित्व वाला और सर्वाधिक तर्कसंगत होता है। इस वर्ग के लोग संवैधानिक कार्य करने के लिए सर्वाधिक सक्षम होते हैं। यह एक तरह से इस बात को सिद्ध करता है कि प्रभुसत्ता नागरिकों की बहुसंख्या में होनी चाहिए। दासों की लाजमी रूप से अनदेखी होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ व्यक्तिगत स्वतंत्रता में समानता पर आधारित होने के लिए सहमत हैं, जिसका अर्थ है कि सभी नागरिकों को राज्य के पदों पर रहने, अथवा उनके पदाधिकारियों का चुनाव करने की पात्रता है। प्रत्येक का सब पर और सबका प्रत्येक पर शासन होता है। प्लेटो की तरह अरस्तु लोकतंत्र को शासन का हीन स्वरूप मानता था और कहता था कि यह किन्हीं अन्य की तुलना में बड़े राज्यों के लिए अधिक उपयुक्त है।

स्टॉइक्स

सिनिक्स

एपीक्यूरियंस

एपीक्यूरस ने कहा कि "न्याय अपने आप में कुछ नहीं, सिर्फ परस्पर हानि को रोकने का एक अनिवार्य समझौता (न्याय का आधार) है।"

स्टॉइक (वाद)

दार्शनिक झेनो (340-360 बी.सी.) का शिष्य, जिसने यूनान के एक कॉलोनाड में 'स्टोका पोइकाइट' (पेंटेड पोर्च) नाम का स्कूल खोला था। बाद में जो रोमन स्टॉइक्स हुए, उनमें 'केटो दि यंगर', सेनेका शामिल हैं। मार्क्स ऑरेलियसा। 'स्टॉइक' शब्द का अर्थ है, "जो प्रसन्नता और दु:ख से उदासीन हो।"

स्टॉइसिज्म एक ऐसा प्राचीन दर्शन है, जो जीवन तथा कर्तव्य के संबंध में एपीक्यूरियनिज्म से बहुत विपरीत है।

कसनिसिज्म

यह एंटीस्थेनेस ऑफ एथेंस (जन्म लगभग 444 बी.सी.) द्वारा स्थापित दार्शनिकों का एक संप्रदाय है, जो संपन्नता, कलाओं, विज्ञान तथा आमोद-प्रमोद से खुलकर नफरत करता है। इन्हें उनके रूखे आचरण के कारण 'सिनिक्स' कहते हैं। सिनिसिज्म ऐसी चीज है, जो मानव स्वभाव के प्रति हिकारत से भरी है।

एपीक्यूरियंस

एपीक्यूरियंस (341-270 बी.सी.) एक यूनानी दार्शनिक था, जिसने शिक्षा दी कि आनंद ही सबसे अच्छी चीज है। 'एपीक्यूरियन' शब्द का उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जो खाने-पीने अथवा ऐंद्रिक सुखों में पूरी तरह डूबा हो।

Downloaded from www.PDFshala.com



168

Roman Polity:— 'Little of direct importance was added to political theory by the Romans but in a closely allied department viz, jurisprudence—they made contributions of deep interest and value.'

Jus Civile / Jus Gentium

Under the Republic there was grown up beside the "Civil Law" (Jus Civile) a collection of rules and principles called Jus Gentium (Law of nations) which represented the common features prevailing among the Italian tribes

Jus Naturale

The great Roman jurisconsults (experts in the science of Law) [deriving the idea from the Stoics] came gradually to identify the Law of Nature [Jus Naturale] with the Jus Gentium

They taught that this Law was divine and eternal, and that it was superior in majesty and validity to the laws of particular States. Natural Law was supposed to be actually existent and bound up with Civil Law.

In the Antonian Era, when Roman Law attained a high development and Stoic doctrines were most influential, the jurists formulated as juristical but not as political principles the maxims that

'All men were born free'

and said by the Law of nature, 'All men are equal'—the implication being that although the civil law recognized class distinction all mankind were equal before the Law of Nature.

Social Contract in Roman Polity

Though the Roman jurists did not postulate a contract as the origin of Civil society, but there is a tendency to declare recognized rights and obligations from a supposed, but non-existent contract.

With regard to sovereignty, the citizens assembled in the Comitia tributa exercised the supreme power during the golden days of the Republic.

Under the Empire, the sovereign authority was vested in the Emperor, and according to the later jurisconsults, the people, by the Lex Regia, delegated the supreme command to each Emperor at the beginning of his reign, thus conferring on him all their rights to govern and legislate.

रोमन शासन व्यवस्था

रोमनों के राजनीति सिद्धांत में प्रत्यक्ष महत्त्व की बहुत कम बातें जोड़ी गईं, लेकिन नजदीकी रूप से संबंधित विभाग, अर्थात् 'न्यायशास्त्र' में उन्होंने बहुत गहरा तथा मूल्यवान योगदान किया।

जस्ट-सिविक जस्ट-जेंटियम

रिपब्लिक के अंतर्गत 'सिविल लॉ' के साथ ही नियमों और सिद्धांतों का एक संग्रह विकसित हो गया, जिसे 'जस जेंटियम' (लॉ ऑफ नेशंस) कहा गया। यह इटेलियन प्रजातियों में प्रचलित सामान्य विशेषताओं का प्रतिनिधित्व करता है।

जस नेचुरले

महान् रोमन ज्यूरिस-कंसल्ट (विधि विज्ञान में विशेषज्ञ) [स्टॉइक्स से विचार ग्रहण करनेवाला] धीरे-धीरे लॉ ऑफ नेचर (जस नेचुरले) तथा जस जेंटियम ही माना जाने लगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून ईश्वरीय और शाश्वत है, और यह प्रभुत्व और वैधता में विशिष्ट राज्यों के कानूनों की तुलना में श्रेष्ठ है। यह माना गया कि नेचुरल लॉ वास्तविक रूप से लागू है और सिविल लॉ से आबद्ध है।

एंटोनियम युग में, जब रोमन लॉ का काफी विकास हो गया और स्टॉइक सिद्धांत बहुत प्रभावशाली थे, तब न्यायविदों ने न्यायिक, परंतु राजनीति सिद्धांत नहीं बनाए। सिद्धांत यह था कि "सभी मनुष्य स्वतंत्र पैदा होते हैं"

Downloaded from www.PDFshala.com

और यह कि लॉ ऑफ नेचर के द्वारा "सभी मनुष्य बराबर हैं।"

इसका निहितार्थ यह हुआ कि हालाँकि सिविल लॉ वर्गभेद को मान्य करता है, लेकिन लॉ ऑफ नेचर के समक्ष पूरी मानव जाति समान है।

रोमन शासन व्यवस्था में सामाजिक संविदा

यद्यपि रोमन विधिवेत्ताओं ने नागरिक समाज की उत्पत्ति के तौर पर किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया था, फिर भी स्वीकृत अधिकारों और दायित्वों को एक किल्पत, लेकिन गैर-मौजूद समझौते से निगमित करने का एक रुझान मौजूद था।

संप्रभुत्ता के संबंध में, कॉमिशिया ट्रिबुटा में एकत्र नागरिकों ने रिपब्लिक के स्वर्णिम दिनों में सर्वोच्च शक्ति का प्रयोग किया। एंपायर के अंतर्गत संप्रभु अधिकार सम्राट् में निहित था और बाद में ज्यूरिस कंसल्ट्स के अनुसार, लोगों ने लेक्स रेगिया के द्वारा उसके शासन के प्रारंभ के समय प्रत्येक सम्राट् को सर्वोच्च सत्ता सौंप दी। इस प्रकार उसे शासन करने और कानून बनाने के सभी अधिकार मिल गए।



169

Middle Ages:-

Thomas Aquinas Thomas Aquinas:- [1226-1274] is said to be the chief representative of the middle ages political theory. He following Roman jurists, recognised a natural law, the principles of which have been divinely implanted in human reason, together with positive laws that vary in different States.

He held that the legislative power, the essential attribute of sovereignty should be directed to the common good, and that, for the attainment of this end, it should belong to the multitude or to their representative, the prince. A mixed government of monarch, nobles, and people, with the Pope as final authority, seemed to him the best.

Marsilio of Padua:— [Died 1328] In his 'Defensor Pacis', Marsilio of Padua advocated the doctrine of popular sovereignty, and combated the papal pretension to temporal power that had been based on the False Decretals.

[Idea of contract] Since men adopted civil life for their mutual advantage, the laws ought to be made by the body of citizens; for laws are not likely to be the best possible, nor to be readily obeyed, unless enacted by those whose interests are directly affected and who know what they need.

[Sovereignty of the people] He affirmed that the legislative power belongs to the people, and that the legislature should institute the executive, which it may also change or depose.

Renaissance —— Reformation!!

In renaissance, all departments of knowledge were vitalized and the [illegible] philosophy — having served as a handmaid of theology for a thousand years, rapidly gave place to a new philosophy of nature and man, more liberal, more profound, and more comprehensive.

Bacon recalled men from metaphysics to nature and actuality.

Philosophy must begin with universal scepticism. But one fact is soon found to be indubitable: the existence of a thinking principle in man. The existence of consciousness!

[Cartesian Philosophy] The appeal to subjective conviction, to the authority of the individual, which was so strongly emphasized in the Reformation, thus becomes the very basis of Cartesian Philosophy.

Cartesian = Relating to a French Philosopher René Descartes [1596-1650 A.D.] and his Philosophy.

मध्य युग

थॉमस एक्वीनस

Downloaded from www.PDFshala.com

थॉमस एक्वीनस (1226-1274) को मध्य युग की पॉलिटिकल थ्योरी का सबसे प्रमुख प्रतिनिधि माना जाता है। रोमन न्यायविदों का समर्थन करते हुए वह एक नेचुरल लॉ को मान्यता देता है, जिसके सिद्धांत मानवीय तक में दिव्यता से समाविष्ट हैं। वह इसके साथ ही सकारात्मक नियमों को भी मान्य करता है, जो हर राज्य के अलग-अलग होते हैं।

उसका मानना है कि विधायी शक्तियाँ, जो संप्रभुता की अत्यावश्यक अंग हैं, आमजन की भलाई के लिए होनी चाहिए और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ये जनसाधारण अथवा उनके प्रतिनिधि, प्रिंस के पास होनी चाहिए। सम्राट्, कुलीनों तथा लोगों की मिश्रित सरकार, जिसमें पोप अंतिम प्राधिकार हो, सर्वश्रेष्ठ प्रतीत होती है।

संविदा का विचार*

अपनी पुस्तक 'डिफेंसर पेकिस' में मार्सिलियो ऑफ पडुआ ने लोकप्रिय संप्रभुत्ता का पक्ष लिया और लौकिक शक्ति पर पोप के अधिकार के आडंबर का विरोध किया, जो फाल्स डिक्रेटल्स पर आधारित रहे थे।

मार्सिलियो ऑफ पडुआ लोगों की प्रभुसत्ता

चूँकि मनुष्यों ने परस्पर लाभ के लिए नागरिक जीवन को अपनाया, अत: इसके कानून भी लोगों की संस्था द्वारा बनाए जाने चाहिए। कानून संभावित रूप से श्रेष्ठतम तभी हो सकते हैं, और उनका तत्परता से पालन तभी हो सकता है, जब उन्हें वे लोग बनाएँ, जिनके हित सीधे प्रभावित होते हैं और जिन्हें पता हो कि उन्हें क्या चाहिए। उसने दृढ़ता से कहा कि विधायिका जनता की है, और यह कि विधायिका द्वारा कार्यपालिका का गठन किया जाए, जिसे यह बदल सके अथवा हटा सके।

रेनिसा—रिफॉर्मेशन

रेनिसा में ज्ञान के सभी विभागों को सशक्त किया गया और सीमित दर्शन, जिसने एक हजार वर्ष तक धर्म-शास्त्र का चाकर बनकर काम किया, की जगह तेजी से एक नए दर्शन नैचर ऐंड मैन द्वारा ली जा रही है, जो अधिक उदार, अधिक गहरा और अधिक समग्र है। बेकन मनुष्य को अतींद्रिय से निकालकर प्रकृति और वास्तविकता की ओर ले गया। दर्शन की शुरुआत सार्वभौम संशयवाद के साथ होनी चाहिए, लेकिन एक तथ्य शीघ्र ही असंदिग्ध बन जाता है—मनुष्य में विचार के सिद्धांत का अस्तित्व।

चेतना का अस्तित्व : कार्टेशियन दर्शन (कार्तवादी दर्शन)

सुधारकाल में आत्मगत सच्चाई पर विश्वास और व्यक्ति की सत्ता का जिस जोर-शोर के साथ आह्वान किया गया, वही कार्तवादी दर्शन का आधार बना। कार्तवादी-फ्रांसीसी दार्शनिक रेने द कार्त (1596-1650) और उसके दर्शन से संबंधित है।

Downloaded from www.PDFshala.com



179

New Period:— After Reformation the Papal authority having been shaken off a wave of freedom swept [minds of] both the rulers and the people. But there was confusion. To settle new situation great many thinkers began to meditate over the question of State. Different Schools grew up.

Machiavelli:— Machiavelli — the famous Italian political thinker though the Republican form of Govt. to be the best one, but doubting the stability of such a form of Govt. he inculcated maxims of securing a strong princely rule and hence he wrote 'The Prince'.

His advocacy of centralized Govt. has greatly affected political theory and practice in Europe.

Machiavelli was perhaps the first writer who treated 'Politics' from a purely secular point of view.

Other Thinkers:— [Pact & Contract]

Majority of other favoured the theory of pact or contract. [In Roman Law a pact was the product of an agreement among individuals, and fell short of a contract, which was a pact plus an obligation.]

There were two different sects of these thinkers. The first one expounded the theory based on the Hebrew idea of covenant between God and man supplemented by the Roman idea of contract. It postulated a tacit contract between the government and the people.

The second or modern form, relates to the institution of political society by means of a compact among individuals. Prominent thinkers of this school were Hooker, Hobbes, Locke and Rousseau.

Defenders of Popular liberty:—

[Huguenot] 1. The Vindiciae contra Tyrannos (1579), ascribed to Huguenot Languet, contended that kings derive their power from the people's will, and that if a king violates the compact to observe the laws which he and the people promise conjointly at the institution of royalty, the latter are absolved from allegiance.

[Buchanan] 2. Buchanan also held that the king and people are mutually bound by a pact, and that its violation by the former entails forfeiture of his rights.

---

* मर्सिलियो की मृत्यु 1328 में हुई—भगतसिंह

नया युग

